नई दिल्ली
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 176
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 27.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,773.66 | 153.09 ▼ |
| निफ्टी | 25,046.15 | 62.15 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,26,600/- | 2600/- ▲ |
| चांदी | 1,57,000/- | 3000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.80 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 66.27 बैरल | 0.25% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का संवाद

# गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है और कुछ बड़ा करना है, वही कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके गुरु ने उन्हें हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए काम करने और कुछ बड़ा करने का आदेश दिया। वे हिंदू राष्ट्र और हिंदुस्तान के लिए काम करने का प्रण लेकर काम कर रहे हैं। वे देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन लक्ष्य कब मिलेगा इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। उनका कहना है कि बस्तर में हो रहे धर्मांतरण के मामले रूकें, विकास की गूंज वहां दिखे। छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की दिशा में आगे बढ़े, इसके लिए कार्य हो यही हमारी कामना है। धीरेंद्र शास्त्री से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष चर्चा के कुछ अंशः


- **बड़े हुजूम के साथ रात 1 बजे तक लोगों के बीच हैं। आपकी दिनचर्या सुबह आठ बजे शुरू होती है, फिर भी इतनी रात सक्रिय हैं। इसका राज क्या है?**
- जिंदगी में जब आपको सफलता प्राप्त करनी हो, और कोई जोश और जुनून आपके पीछे लगा हो तो, आपको बातों से नहीं रातों पर ध्यान देना होगा। सोने के बहुत से तरीके हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने जागना जरूरी है। स्वयं रातों में नहीं जागूंगा तो दूसरों को जगा भी नहीं पाऊंगा।
- **बहुत कम उम्र में अपने आपको इस मुकाम पर देखते हैं तो कितने चौंकते हैं?**
- हम एक इंस्टूमेंट हैं, बजा भगवान रहे हैं। हमारी केवल काया है, यह पूरी की पूरी माया है। हम सिर्फ एक वाद्य यंत्र है फूंक वो रहे हैं। हम केवल रंग का डब्बा है, रंग वह भर रहे हैं। हमारे गुरु ने एक रास्ता दिया है, हमारे गुरु ने यह कहा है कि तुम्हे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदूस्तान के लिए जीना है। कुछ बड़ा करना है, बड़ा करके ही मरना। उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। गुरु की बातों को लेकर चल पड़े। हमें यह नहीं पता कि कितने लोग हमसे जुड़े। हमें यह भी पता नहीं कि लोग हमें कितनी गंभीरता से लेते हैं। हमें जो भी बोलना है, सत्य बोलना है, सटीक बोलना हैं। तर्क के साथ बोलना है। जो बात आज के जमाने में लोग बोलने में हिचकते हैं वो बात सीधे बोलना है। अंत में मैं यही कहूंगा कि आप मुझे पसंद नहीं करोंगे तो, आप मुझे नजर अंदाज भी नहीं कर सकते।
- **साधक होने का बोध कब आया आपको कि मुझे यह करना है? आपको किस उम्र में यह विचार आया?**
- हमारी जिंदगी में एक रात ऐसी थी, जिस रात बोध जनमा। हमारे गुरु के जिस गांव में हमारा जन्म हुआ वहीं बालाजी भगवान का स्थान है। जहां सन्यासी बाबा ने 320 साल पहले तप किया था। उन्होंने 84-85 साल तक वे केवल हनुमान चालीसा का पाठ करते बिताए। सिर्फ एक ही काम किया। 120 साल की उम्र थी उनको जिंदा समाधि दी गई। उनको हनुमान जी का साक्षात्कार हुआ था। हनुमान जी ने उनसे कहा कि हमें बालाजी के नाम से जाना जाए। जैसा हमारे दादा जी ने बताया। मेरे दादाजी की उस क्षेत्र में धार्मिक साधना, आराध्य और उनकी स्वीकारोक्ति भी थी। वे फक्कड़ थे, धूमी रमा के रहते थे। बड़े तर्क वादी थे, उनकी फिलासफी बड़े उच्च लेवल की थी। छह फीट की हाइट, लंबी जटाएं, लंबी दाड़ी, लाल आंखें और गोरा चेहरा था। पहले वो गृहस्थ थे, बाद में उन्होंने सन्यास लिया। जब बोलते थे तो अदभूत बोलते थे। आजानबाहू थे, घुटने तक उनकी बांहे थीं। रामानंदी तिलक लगाते थे। हमारी उम्र 8 साल की रही होगी। हम उनसे बहुत डरते थे। मिठाई और फल चढ़ते थे इस कारण वहां चले जाते थे। हमारे पिताजी कुछ करते नहीं थे। मिठाई खाने हम वहां जाते थे। उनका स्नेह हमारे प्रति रहा। शायद हम अभाव में जी रहे थे इसलिए भी हो सकता है कि हमारी मां ने कहा तुम्हारे गुरु जी दद्दा जी बहुत जानते हैं उसने कुछ मांग। हम वहां चले गए बालाजी की छोटा सा मंदिर था वहां पर वो बैठे थे। हमने कहा सन्यास लेने के पूर्व में आप हमारे खानदान से हैं। हम आपके ▶▶ शेष पेज 7 पर

# ‘जोहो मेल’ पर स्विच हुए अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना ईमेल प्लेटफॉर्म बदलते हुए जीमेल से जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। यह स्वदेशी तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है और डिजिटल आत्मनिर्भरता के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि नमस्ते सभी को, मैंने जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। कृपया मेरा नया ईमेल पता amitshah.bjp@zohomail.in नोट करें। भविष्य में ईमेल द्वारा संपर्क करने के ▶▶ शेष पेज 7 पर








रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण सहित विभिन्न सेक्टर्स में निवेश पर होगी चर्चा

# मुंबई में आज ‘इंटरेक्टिव सेशन’ में निवेशकों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 9 अक्टूबर को मुंबई में इंटरेक्टिव सेशन में देश-विदेश के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। ‘इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश’ होटल ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में उभर रहे औद्योगिक अवसरों से अवगत कराना है, विशेष रूप से मोहासा-बाबई (नर्मदापुरम) में विकसित किए जा रहे पावर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन (फेज-2) में निवेश को प्रोत्साहन देना है। इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सेशन को वीर एस अडवाणी, डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन एवं प्रबंध निदेशक, ब्लू स्टार लिमिटेड संबोधित करेंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**देश-विदेश के प्रतिनिधि होंगे संवाद में शामिलः** इंटरेक्टिव सेशन में देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ सिंगापुर, मैक्सिको, कनाडा और इटली सहित विभिन्न देशों के कॉन्सुल जनरल और व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज़, वेलस्पन ग्रुप, ▶▶ शेष पेज 7 पर




## क्राइम ब्रांच एएनटीएफ ने की कार्रवाई

# चार करोड़ की हेरोइन के साथ सरगना सहयोगी संग अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की ए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) टीम ने अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सरगना और उसके सहयोगी को 808 ग्राम उच्च श्रेणी की हेरोइन के साथ पकड़ा। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 करोड़ आंकी गई है। आरोपी एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के मामलों में पहले भी संलिप्त रहे हैं।

पुलिस के अनुसार 18 जुलाई 2025 को हेड कांस्टेबल सिकंदर के नेतृत्व में एएनटीएफ की एक टीम सक्रिय ड्रग सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए सीमापुरी इलाके में मौजूद थी। उन्होंने कबाड़ी मार्केट के पास एक संदिग्ध को लाल रंग की स्कूटी के साथ पकड़ा। संदिग्ध की पहचान सरोज उर्फ बाबू निवासी पासौंडा, गाजियाबाद के रूप में हुई। उसके पास से एक सफेद प्लास्टिक पॉलिथीन मिली, जिसमें संदिग्ध हेरोइन थी। संदिग्ध ने प्लास्टिक पॉलिथीन को फेंकने के बाद भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया गया था। निरंतर पूछताछ के दौरान, आरोपी सरोज ने खुलासा किया कि यह प्रतिबंधित पदार्थ रघुबीर नगर निवासी दीपाली से खरीदा गया था और इसे गाजियाबाद निवासी शिवम को दिया जाना था। इस खुलासे के बाद एएनटीएफ की टीमों ने दीपाली और शिवम के अन्य स्रोत की तलाश के लिए और छापेमारी की। स्थानीय मुखबिरों को तैनात किया गया और तकनीकी एवं मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से 19 अगस्त को माल के प्राप्तकर्ता, गाजियाबाद निवासी राजकुमार उर्फ काले उर्फ शिवम (25) को गिरफ्तार किया। उसके घर की तलाशी के दौरान 19 ग्राम हेरोइन और 10,400 रुपये नकद बरामद किए गए। पता चला कि वह स्थानीय ग्राहकों को पुड़िया के रूप में हेरोइन की आपूर्ति करता था। बाद में हेरोइन की आपूर्ति करने वाली रघुबीर नगर निवासी रोनित की पत्नी दीपाली (22) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

# नकली लुब्रिकेंट बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, दो मालिकों समेत पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ बाहरी दिल्ली के कंझावला में चल रही थी फैक्ट्री

अपराध शाखा ने कंझावला में एक नकली लुब्रिकेंट मोबाइल ऑयल बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली लुब्रिकेंट इंजन ऑयल बनाये जा रहे थे। एक सुनियोजित छापेमारी के बाद 2,600 लीटर लुब्रिकेंट और मशीनरी बरामद की गई। इसकी कुल कीमत लगभग 15 लाख बताई गई है। दो मालिकों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार कंझावला में बड़े पैमाने पर नकली लुब्रिकेंट ऑयल निर्माण कार्य के बारे में खूफिया जानकारी मिली थी। मंगलवार को छापेमारी की गई। पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सकलान अहमद उर्फ प्रिंस, अपने भाई सोहिद उर्फ अल्लू के साथ मिलकर कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में यह फैक्ट्री चला रहा था। दोनों आगरा, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। फैक्ट्री परिसर मई 2025 में कंझावला निवासी अजीत से किराए पर लिया गया था। इससे पहले आरोपी 2022 से दिल्ली में इसी तरह की एक अवैध इकाई चला रहे थे। वे स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा इंजन ऑयल, खाली कंटेनर, स्टीकर, रैपर और कार्टन खरीदते थे और उनमें घटिया लुब्रिकेंट ऑयल भरते थे। प्रतिष्ठित ब्रांडों के जाली लेबल, होलोग्राम और पैकेजिंग का उपयोग करके वे असली जैसे दिखने वाले नकली उत्पाद बनाते थे। फिर नकली तेल को स्थानीय ऑटो वर्कशॉप और थोक विक्रेताओं को रियायती दरों पर बेचा जाता था। लेनदेन ज्यादातर नकद में होता था और पहचान से बचने के लिए नकली चालानों का सहारा लिया जाता था। हर महीने आरोपी लगभग 8-10 हजार लीटर नकली तेल बेचते थे, जिससे उन्हें लगभग 2.5 लाख रुपये प्रतिमाह की कमाई होती थी। नकली पैकेजिंग लगभग मूल ब्रांडिंग जैसी ही होती थी, जिससे आम खरीदारों या मैकेनिकों के लिए उसे पहचानना बेहद मुश्किल हो जाता था। सकलान अहमद उर्फ प्रिंस महज 10वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह रैकेट का मास्टरमाइंड और सरगना है। वह 2019 से नकली लुब्रिकेंट निर्माण में शामिल है और इससे पहले 2021 में गिरफ्तार भी हो चुका है। 2022 में आगरा से दिल्ली स्थानांतरित हुआ और अपनी खुद की फैक्ट्री स्थापित की थी। दोनों भाईयों के अलावा गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम शकीलुद्दीन उर्फ शकील, शान मोहम्मद और मोहम्मद सलमान बताये गये हैं।

## कृषि भूमि का सर्किल रेट 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार दिल्ली सरकार के डिविजनल कमिश्नर (रेवेन्यू) नीरज सेमवाल से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि दिल्ली में कृषि भूमि का सर्किल रेट 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से बढ़ाया जाए। डॉ. नरेश कुमार ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम बार 2008 में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार ने कृषि भूमि का सर्किल रेट 53 लाख रुपये प्रति एकड़ तक बढ़ाया था, उसके बाद से अब तक कोई संशोधन नहीं हुआ है। इस अवसर पर डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि रेखा गुप्ता की अगुवाई वाली दिल्ली सरकार जानबूझकर किसानों को परेशान कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सर्किल रेट बढ़ाने का ऐलान किया था, तो जनता से सुझाव लेने में चार महीने की देरी क्यों की गई? यह काम उसी समय किया जा सकता था।

# पत्नी ने सोते पति को गर्म तेल से जलाया, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंबेडकर नगर में एक महिला पर अपने पति को सोते समय गर्म तेल डालकर जलाने का आरोप लगा है। गंभीर हालत में पीड़ित शख्स को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित के बयान, एमएलसी रिपोर्ट और घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत अंबेडकर नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। क्राइम और एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार यह घटना 1-2 अक्टूबर की मध्य रात्रि की है। पुलिस को मदन मोहन मालवीय अस्पताल से एक व्यक्ति के जलने की चोट के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। कॉल प्राप्त होने पर एएसआई राजबीर सिंह, कांस्टेबल सत्य नारायण के साथ अस्पताल पहुंचे, जहां दिनेश कुमार (28) पुत्र राम लखन, निवासी मदनगीर, चतुर्थ तल को जलने की चोटों के साथ भर्ती पाया गया। एमएलसी ने कहा कि मरीज कथित तौर पर उसकी पत्नी द्वारा डाले गए गर्म तेल से जल गया था। बाद में उसे आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। सफदरजंग अस्पताल में पूछताछ के दौरान घायल दिनेश ने अपना बयान दिया। उसने कहा गया कि वह एक दवा कंपनी में कार्यरत है और अपनी पत्नी साधना और बेटी के साथ उपरोक्त पते पर रहता है। लगभग 3:15 बजे जब वह सो रहा था, उसे अचानक जलन महसूस हुई और जब वह उठा तो उसने पाया कि उसके शरीर पर गर्म तेल डाला गया है। उसकी पत्नी पास ही लाल मिर्च पाउडर लिए खड़ी थी और कथित तौर पर उसने उस पर लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया और धमकी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो वह और तेल डाल देगी। मदद के लिए चिल्लाने पर मकान मालिक मौके पर पहुंचा और पीड़ित के बहनोई को सूचित किया, जो उसे अस्पताल ले गया था।

## स्थानीय कंपनियों को शेयर निर्गम पर देना होगा 0.1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्कः दिल्ली सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पंजीकृत कंपनियों को शेयर और अन्य प्रतिभूतियों के निर्गम पर शेयर मूल्य का 0.1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अदा करना अनिवार्य है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के स्टाम्प कलेक्टर ने एनएसडीएल और सीडीएसएल को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे दिल्ली के लिए लागू स्टाम्प शुल्क दर से कम राशि न वसूलें। शेयर प्रमाणपत्र पर स्टाम्प शुल्क के भुगतान के लिए स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के पोर्टल के जरिये पहले ही एक व्यवस्था लागू की जा चुकी है। इस भुगतान के प्रमाण के रूप में स्टाम्प कलेक्टर कार्यालय से प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। राजस्व विभाग के हाल में जारी परिपत्र के मुताबिक, दिल्ली स्थित कंपनियों के शेयर निर्गम पर स्टाम्प शुल्क का भुगतान भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची आईए के तहत देय है। परिपत्र में कहा गया है कि एनसीटी दिल्ली में गठित या पंजीकृत कार्यालय वाली सभी कंपनियों के लिए स्टाम्प शुल्क की दर 0.1 प्रतिशत होगी। परिपत्र में सभी सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे शेयर निर्गम के लिए स्टाम्प शुल्क के निपटान को आवेदन करें, चाहे प्रमाणपत्र भौतिक या डिजिटल (डिमैट) रूप में हों। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में एनएसडीएल और सीडीएसएल 0.005 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क वसूल रहे हैं लेकिन दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया कि इसका कोई वैध आदेश उन्हें नहीं दिया गया है। राजस्व विभाग ने अपने पत्र में कहा है कि स्टाम्प शुल्क का समय पर भुगतान न करना दंड और ब्याज सहित कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। भुगतान में देरी से सरकारी खजाने को प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान होता है।

# मामा के घर फायरिंग करने वाला शख्स पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा ने सुभाष नगर में एक घर पर फायरिंग केस में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से अपराध में प्रयुक्त बलेनो कार भी बरामद हो गई। आरोपी साहिल उर्फ मयंक मनचंदा पहाड़गंज का रहने वाला है। इसने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने ही मामा के घर पर फायरिंग की थी। आरोपी ने बताया कि उसके पिता की हत्या हो चुकी है। मामा उस पर आरोपियों से समझौता करने का दबाव बना रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी साहिल और उसका दोस्त ऋषभ पुरी अपराध के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए रुड़की, उत्तराखंड समेत कई जगहों पर छिपता रहा। तकनीकी निगरानी के बाद इसे राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास, रिंग रोड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि 2 अक्टूबर को राजौरी गार्डन थाना अंतर्गत सुभाष नगर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। निरंतर प्रयासों और तकनीकी जानकारी के माध्यम से पता चला कि मयंक मनचंदा नामक व्यक्ति इस घटना में शामिल है। वह शिकायतकर्ता का भांजा है। गिरफ्त में आने के बाद आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका मामा (पीड़ित) उस पर अपने दिवंगत पिता मनोज कुमार मनचंदा की हत्या के मुकदमे में समझौता करने का दबाव बना रहा था। मनोज की 2022 में पहाड़गंज में जोगिंदर शर्मा और अन्य लोगों के साथ झगड़े के दौरान हत्या कर दी गई थी। परिस्थितियों से नाराज होकर उसने अपने मामा को सबक सिखाने का फैसला किया और अपने दोस्त के साथ कार से सुभाष नगर पहुंचा और चार राउंड फायरिंग कर मौके से फरार हो गया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी चार केस दर्ज पाये गये हैं।

# ढाई हजार लीटर से अधिक मिलावटी घी जब्त, दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने राजधानी और इसके निकटवर्ती हरियाणा में छापेमारी कर 2,600 लीटर से अधिक मिलावटी घी जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिलावटी घी को कई लोकप्रिय ब्रांड के 'लेबल' के तहत पैक किया गया था। पुलिस के अनुसार कुल 2,651 लीटर मिलावटी घी जब्त किया, जिसमें से 2,241 लीटर घी उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बुद्ध विहार स्थित एक गोदाम में पाया गया। गोदाम के मालिक का नाम राकेश गर्ग (38) पता चला है। 410 लीटर घी हरियाणा के जींद में एक अन्य व्यक्ति मुकेश के गोदाम से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि जींद इकाई को सील कर दिया गया है और कथित घी निर्माताओं के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मिलावटी घी का निर्माण किया गया था। पुलिस के अनुसार संदिग्धों ने शुद्ध घी की कथित तौर पर नकल करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले वनस्पति घी और रिफाइंड तेल को मिलाया तथा उत्पाद में सिंथेटिक रंग और अन्य खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल किया। इसके बाद मिलावटी उत्पाद को प्रतिष्ठित ब्रांड के कंटेनर में पैक किया जाता था और स्थानीय वितरकों, डेयरियों और खुदरा दुकानों को थोक दरों पर बेचा जाता था। आरोपियों ने खुलासा किया कि मिलावटी घी बनाने की लागत लगभग 200 रुपये प्रति लीटर थी जबकि वे इसे थोक विक्रेताओं को लगभग 350 रुपये प्रति लीटर में बेचते थे। दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग भी छापेमारी में शामिल रहा। गर्ग पिछले दो वर्षों से इस अवैध व्यापार में शामिल था और हाल में उसने अपने कारोबार का विस्तार किया था। विनिर्माण इकाई का संचालन करने वाला मुकेश हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में मिलावटी घी की आपूर्ति कर रहा था।

# गोगी गैंग के दो कुख्यात बदमाशों को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गोगी गैंग के दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल, कट्टा और तीन कारतूस बरामद हुये। पकड़े गये बदमाशों के नाम रितिक उर्फ बम और चंदन बताये गये। पुलिस के अनुसार श्री राम धर्मकांटा, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के सामने, बीजी ब्लॉक क्षेत्र में गश्त के दौरान एक सफेद रंग की आई20 कार को रोकने का प्रयास किया था। लेकिन कार अचानक पीछे मुड़ गई और भागने का प्रयास किया। गश्ती दल ने संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए तुरंत पीछा किया और कुछ देर पीछा करने के बाद वाहन को रोक लिया। गाड़ी रुकते ही उसमें सवार तीन लोग पीछे से निकलकर भाग गए। कार के अंदर तीन और संदिग्ध थे और उन सभी को कार सहित मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पहचान रितिक, चंदन और रोहित के रूप में बताई। सरसरी तलाशी लेने पर रितिक और चंदन के पास से अवैध हथियार व कारतूस बरामद हुए। रितिक छह और चंदन दो केस में शामिल पाया गया है।

### क्रिप्टो के अवैध व्यापार में थे शामिल

पुलिस ने बताया कि आरोपी हथियारों के अवैध कब्जे के अलावा क्रिप्टो-आधारित वित्तीय लेनदेन में मध्यस्थ के रूप में सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। वह पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबरों का उपयोग करने वाले विदेशी संचालकों के संपर्क में थे, जो बिनेंस एप के माध्यम से यूएसडीटी (टीथर क्रिप्टो करेंसी) की खरीद और बिक्री में शामिल थे। रितिक इन विदेशी ग्राहकों को भारतीय क्रिप्टो व्यापारियों की यूपीआई आईडी (मुख्य रूप से राहुल गुज्जर, यश और आकाश उर्फ काला से प्राप्त) प्रदान करता था। एक बार पैसा प्राप्त होने के बाद भारतीय व्यापारी इन संचालकों की बिनेंस आईडी के बराबर यूएसडीटी बिक्री ऑर्डर उत्पन्न करते थे। आमतौर पर बढ़ी हुई दरों पर। रितिक को प्रत्येक सफल लेनदेन के लिए पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था और वह पिछले 3-4 महीनों से इसमें शामिल था। उसके फोन में छह विदेशी नंबर सक्रिय पाए गए। पता चला कि आरोपी पाकिस्तानी नंबरों वाले एक समूह का सदस्य था और उसके पास संदिग्ध चैट और भुगतान के स्क्रीनशॉट थे।

## युवती की चाकुओं से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर में मंगलवार रात एक युवती की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतका का नाम साक्षी (25) बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया है। मामले की जांच के लिये कई टीमें गठित की गई है। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को रात 09:19 बजे घटना के संबंध में कोटला मुबारकपुर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस प्रताप गली, नानक चंद बस्ती, कोटला मुबारकपुर पहुंची। सीढ़ियों पर खून के निशान पड़े थे। परिसर का दरवाजा बाहर से बंद पाया गया। कमरे के अंदर फर्श पर एक महिला का शव पड़ा मिला। मृतका की पहचान साक्षी निवासी मस्जिद मोठ, एंड्रयू गंज, हौज खास के रूप में हुई। एफएसएल टीम और अपराध टीम को अपराध स्थल का निरीक्षण करने के लिए बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक निरीक्षण से ऐसा प्रतीत होता है कि मृतका किसी परिचित व्यक्ति के साथ थी। उनके बीच झगड़ा हुआ, जिसके दौरान उक्त व्यक्ति ने मृतका के चेहरे और गले पर चाकू से वार किया। आगे की जांच जारी है।

**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**

**E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**J.P./N.P.N./246/260** **Bhilai/Dated: 03/10/2025**

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form ""A" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. no | Tender no | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest money (in lacs) | Completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177063 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | 156.08 lacs | 1.17 lacs | 12 month | 03/10/2025 | 21/10/2025 | Second call | Form A |

**NOTE:** 1 For other details visit Gov e-Procurement System portal website (https://eproc.cgstate.gov.in) 2 orrigendum Amendment If any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/only and it shall be part of tender document. 3. For more details please download NIT. Details.

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैजान उर्फ नसीर, पुत्रः** गुफरान उर्फ गुलफाम, **पताः** एल–155, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 1088/21 U/s 25 Arms Act, थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजान उर्फ नसीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैजान उर्फ नसीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 1088/21 U/s 25 Arms Act, थानाः कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फैजान उर्फ नसीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13377/N/2025**
**(Court Matter)**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/300

मनकि श्रीमति किरण पत्नी संजय कुमार पुत्र परीक्षत सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजो बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3662 त0म0, 3718 बैय, 3828 तबादला, 3847 बैय, के अनुसार खेवट न0 258 / 221, खाता न0 277, मु0 न0 37, किला न0 24 / 2(4–0), 25 / 1 (7–12), मु0 न0 70, किला न0 3 / 2(2–0), 5(7–12), किते 4, तादादी रकबा 21 कनाल 4 मरले का 21059 / 45792 भाग, बकदर 9 कनाल 15 मरले (1.21875 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम की मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 37, किला न0 24 / 2 मिन उत्तर (2–10), 25 / 1 मिन मध्य (5–5), मु0 न0 70, किला न0 3 / 2(2–0), किते 3, तादादी रकबा 9 कनाल 15 मरले (1.21875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 08.10.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## आरोपियों को मिल रहा ईनाम, आदेश बन रहें हैं मजाक

# एमसीडी में चल रहा है जमकर अफसरशाही का नया खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कुछ भी असंभव नहीं है और भाजपा में किसी भी व्यक्ति को कुछ भी पद मिल सकता है और भाजपा के एमसीडी मुख्यालय से ऐसा ही एक मामला अब सामने आया है। सूत्रों के अनुसार यहां अब खुलकर अफसरशाही का खेल चलना शुरू हो गया है और ये अफसर अनुभवी और स्थायी समिति में पूर्व सदस्य रहे पार्षदों को भी कुछ नहीं समझते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम मुख्यालय के आर पी सेल में एक सहायक आयुक्त नवीन को हाल ही में उन्हें विज्ञापन विभाग का अतिरिक्त चार्ज भी दे दिया गया है। जबकि इनके उपर पार्किंग विभाग पर पहले से ही अनियमितताओं के आरोप हैं। ऐसे में निगम मुख्यालय में ही कुछ अधिकारी सवाल उठा रहे हैं कि क्या एमसीडी में अब ईमानदारी से ज्यादा 'सेटिंग के खेल' का प्रभाव चल रहा है? बता दें कि हाल ही में इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता मुकेश गोयल ने आरपी सेल (पार्किंग) में टेंडर प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियों का मामला उठाया था, और आरपी सेल के अंतर्गत पार्किंग विभाग में उपायुक्त मोहित बंसल को हटा दिया गया था, लेकिन उसी विभाग के सहायक आयुक्त नवीन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा उन्हें विज्ञापन विभाग की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। जबकि यही विभाग निगम को हर साल 350 करोड़ रुपये तक का राजस्व देता था, मगर पिछले दो महीनों से एक भी नया टेंडर जारी नहीं हुआ है। एमसीडी के भीतर यह चर्चा अब ज़ोरों पर है कि क्या निगम में अब पद पैसों और पहुंच के आधार पर तय होते हैं?

### सिर्फ कागजों में ही हो रहे हैं ट्रांसफर

सूत्रों के अनुसार अंदरखाने चर्चा है कि आरपी सेल में ट्रांसफर आदेश केवल कागज़ों पर ही जारी होते हैं। आयुक्त के स्तर पर जुलाई में तबादला होने के बावजूद दो बेलदार अब भी वहीं तैनात हैं - एक गाड़ी चलाने का और दूसरा रोजाना वसूली का काम करता है। सूत्रों का कहना है कि यह दोनों सहायक आयुक्त के 'खास लोग' हैं और 'वसूली नेटवर्क' का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

### ऑब्जेक्शन के नाम पर अटकाई जा रही हैं फाईलें

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि विज्ञापन विभाग में भी पार्किंग सेल जैसी स्थिति बन चुकी है। फाइलें 'ऑब्जेक्शन' के नाम पर अटकाई जा रही हैं, जिससे कामकाज ठप पड़ा है। सवाल यह है कि जब नियम तोड़ने वाले अफसरों को पदोन्नति मिल रही है, तो ईमानदार अधिकारी किनारे क्यों लगाए जा रहे हैं?

नई दिल्ली
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 176
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 27.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का आगाज



मुंबई में पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# अब भारत घर में घुसकर मारता है, कांग्रेस बताए मुंबई आतंकी हमले के बाद किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के दौरान गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम के बयान के आधार पर सवाल किया कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की गई। पीएम मोदी ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। 2008 में आतंकियों ने मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। लेकिन, तब जो कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, उसने कमजोरी का संदेश दिया और आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोरी ने आतंकवादियों को मजबूत किया, देश की सुरक्षा को कमजोर किया जिसकी कीमत देश को बार-बार जानें गंवाकर चुकानी पड़ी

पीएम ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया



### मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया

**बकौल प्रधानमंत्री मोदी-** हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता, जो कांग्रेस के शासनकाल में देश के गृहमंत्री रह चुके हैं, ने एक साक्षात्कार में बड़ा खुलासा किया है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमला करने को तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने देश की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया और मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है। इससे पहले ▶▶ शेष पेज 7 पर

पीएम मोदी बोले

# आज 1 जीबी डेटा की कीमत 'एक कप' चाय से भी कम

- 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर यह टेक्नोलॉजी इवेंट
- इसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया। 'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म' थीम पर आयोजित यह एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट है, जिसमें 150 देशों के प्रतिनिधि और 400 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। यह 11 अक्टूबर तक चलेगा। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी टेक क्रांति में अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले फ्यूचर का मतलब अगला शतक या अगले 10-20 साल होते थे, लेकिन टेक्नोलॉजी इतनी तेजी से बदल रही है कि अब हम कहते हैं- द फ्यूचर इज हेयर एंड नाऊ। पीएम मोदी ने भारत में सस्ते मोबाइल डेटा की ओर ध्यान खींचते हुए कहा कि आज देश में 1 जीबी वायरलेस डेटा की कीमत एक कप चाय की कीमत से भी कम है।

### 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा

मोदी ने कहा कि मैंने प्रदर्शनी में लगे कुछ स्टॉल्स देखे जिसमें मुझे भविष्य की झलक दिखी। टेलीकॉम कनेक्टिविटी, 6जी टेक्नोलॉजी, एआई, साइबर सिक्योरिटी सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन-स्पेस टेक्नोलॉजी, डीप-सी और ग्रीन-टेक आदि समेत अन्य टेक्नोलॉजी सेक्टर्स में आने वाला समय बिलकुल ही अलग होने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि 6जी टेक्नोलॉजी में भारत दुनिया को लीड करेगा। मोदी ने इंटरनेट स्पीड का महत्व बताते हुए कहा कि इंटरनेट स्पीड केवल नंबर और रैंकिंग के लिए ही नहीं होते, बल्कि अच्छी इंटरनेट स्पीड इज ऑफ लिविंग को भी बढ़ा देते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट स्पीड बढ़ने से कनेक्टिविटी और आसान हो जाती है। टेक्नोलॉजी ने आम नागरिकों को वो अधिकार दिलाने में सहायता की है जो पहले मिलना मुश्किल थे और इसमें टेलीकॉम सेक्टर ने बड़ी भूमिका निभाई है।

### 100 से अधिक सेशन होंगे

डेटा खपत की बात करें, तो भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। इसका मतलब है कि डिजिटल कनेक्टिविटी अब कोई विलासिता या विशेषाधिकार नहीं रही, बल्कि भारतीय जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। कार्यक्रम में 800 से ज्यादा स्पीकर्स और 100 से अधिक सेशन होंगे, जिनमें जापान, कनाडा, ब्रिटेन, रूस, आयरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देशों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इस इवेंट को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### 2 लाख ग्राम पंचायतों में पहुंचा केबल इंटरनेट

पीएम मोदी ने कहा कि भारत नेट प्रोजेक्ट ने 2 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोड़ा है। मोदी ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) मिशन में 10,000 लैब्स के जरिए 75 लाख बच्चों को कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा चुका है। पीएम ने आगे कहा कि आज तकनीकी संस्थानों में 100 यूज्ड केस लैब्स की शुरूआत से इसका ग्राफ बढ़ने वाला है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 11 तक गुजरात दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9 से 11 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगी।



इस दौरान वे राज्य के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना और आदिवासी समुदायों से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति 9 अक्टूबर की शाम राजकोट पहुंचेंगी। अगले दिन सोमनाथ मंदिर जाएंगी। इसके बाद वे गिर राष्ट्रीय उद्यान जाएंगी और सासन गिर जाएंगी।

### ईडी का अभिनेताओं के ठिकानों पर छापा

**कोच्चि।** भूटान से भारत में लक्जरी कारों की तस्करी के मामले में ईडी ने केरल और



तमिलनाडु में अभिनेताओं पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चक्कलक्कल तथा कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम, कोट्टायम और कोयंबटूर के कुछ वाहन मालिकों के परिसरों पर छापे मारे।

### शिल्पा से कहा: पहले 60 करोड़ दें फिर विदेश जाएं

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को दो



टूक शब्दों में खरी-खरी सुनाई है। अदालत ने दोनों को आदेश दिया कि अगर वो अमेरिका के लॉस एंजिल्स या किसी अन्य जगह की विदेश जाना चाहते हैं, तो पहले 60 करोड़ जमा करने होंगे। अदालत ने यात्रा की अनुमति वाली याचिका खारिज कर दी।

भारत की पहली यात्रा के तहत मुंबई पहुंचे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, हवाईअड्डे पर हुआ भव्य स्वागत

# बेमिसाल अवसरों को समेटे हुए विकास का लांचपैड है भारत-ब्रिटेन एफटीए: कीर स्टार्मर

- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को भी संबोधित करेंगे दोनों देशों के शीर्ष नेता
- विजन-2035 के 10 वर्षीय रोडमैप के तहत समग्र रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की करेंगे व्यापक समीक्षा
- मुंबई में उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ मुलाकात में बोले ब्रिटेन के पीएम
- यश राज फिल्म के स्टूडियो का किया दौरा-बोले, ब्रिटेन में होगी बॉलीवुड की एंट्री, 2026 में बनेंगी 3 फिल्में
- गुरुवार को मुंबई में ही होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और वैश्विक स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों के बीच बुधवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अपनी पहली दो दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा के तहत मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचे। जहां महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की मौजूदगी में उन्हें रेड कार्पेट वेलकम दिया गया। पीएम स्टार्मर के साथ ब्रिटेन से एक 125 सदस्यीय व्यापक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। जिसमें ब्रिटेन की कई बड़ी कंपनियों के सीईओ, उद्योगपति, विश्वविद्यालयों के कुलपति और सांस्कृतिक प्रमुख शामिल हैं। नई दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायोग ने यह जानकारी दी है। पीएम स्टार्मर की ये भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो ▶▶ शेष पेज 7 पर




### आज होगी पीएम मोदी के साथ बैठक

*गुरुवार को महाराष्ट्र में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच बैठक होगी। जिससे भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के उपायों को तलाशने में मदद मिलेगी। वार्ता के दौरान विजन-2035 के साथ तैयार किए गए दस वर्षीय रोडमैप के तहत समग्र रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। जिस पर जुलाई महीने में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के साथ ही सहमति जताई गई थी। इसके अलावा दोनों शीर्ष नेता ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने ब्रिटेन के पीएम के स्वागत में एक्स पर एक पोस्ट की। जिसमें उन्होंने लिखा, 'ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का स्वागत है। एक मजबूत और पारस्परिक रूप से समृद्ध भविष्य के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए कल की हमारी बैठक का बेसब्री से इंतजार है'।*

### ईयू से बाहर निकलने के बाद बड़ा समझौता

*ब्रिटेन के पीएम ने मुंबई में भारत के उद्योगपतियों के साथ भी एक मुलाकात की और उसमें उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने के बाद भारत के साथ किया गया मुक्त व्यापार समझौता एक बहुत बड़ी डील है। मेरे हिसाब से यह भारत के लिए भी समान रूप से बड़ा और लाभप्रद व्यापार समझौता है। उन्होंने दोनों देशों की व्यापारिक साझेदारी को भी बेहद महत्वपूर्ण बताया। अपने साथ आए बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल को लेकर स्टार्मर ने कहा कि ईयू से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन को नए व्यापारिक संबंधों को अमलीजामा पहनाने की प्रेरणा मिली है। इस दिशा में भारत-ब्रिटेन एफटीए एक सराहनीय कदम है। जिसके बाद व्यापार को लेकर हमारी ईयू पर निर्भरता घटेगी और भारत जैसी तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी।*

### ये होंगे एफटीए के फायदे

*व्यापार समझौते के जरिए भारत-ब्रिटेन का द्विपक्षीय व्यापार सालाना आधार पर 25.5 बिलियन पाउंड तक पहुंच जाएगा। साथ ही टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़ी हुई सेवाओं सहित व्हिस्की, कार पर टैरिफ कम हो जाएगा। भारत से ब्रिटेन और वहां से भारत के साथ किया जाने वाला निर्यात बढ़ेगा। भारतीय व्यापारियों की ब्रिटेन में पहुंच बढ़ेगी। ब्रिटेन द्वारा शत-प्रति व्यापार मूल्य के साथ समान रूप से टैरिफ छूट भी मिलेगी। समझौते के लागू होने के साथ ही जीरो ड्यूटी लागू हो जाएगी। ये समझौता दोनों देशों में रोजगार के कई अवसरों का सृजन करेगा। जिसमें मुख्य रूप से टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, स्पोर्ट्स से जुड़े उत्पाद और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।*

### ब्रिटेन में होगी बॉलीवुड की एंट्री

*मुंबई में ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री यश राज फिल्म के स्टूडियो भी गए और वहां उन्होंने यह ऐलान किया कि अगले साल ब्रिटेन में 3 भारतीय फिल्मों का निर्माण होगा। यश राज फिल्म कंपनी ने भी इस बाबत अपनी योजना पीएम स्टार्मर के समक्ष रखी। जिनके साथ ब्रिटेन से आए सिनेमा, फिल्म जगत के कई दिग्गज भी शामिल थे। इन फिल्मों के जरिए 3 हजार से अधिक रोजगार उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि बॉलीवुड ब्रिटेन में अपनी वापसी करेगा और ये अपने साथ रोजगार, निवेश और संभावनाएं लेकर आएगा। क्योंकि ब्रिटेन विश्व स्तर पर फिल्म निर्माण के लिए एक विश्वस्तरीय स्थान है। यह एक प्रकार से दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते के साथ जुड़ी हुई विकास की रफ्तार को बढ़ाने, सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने और दोनों देशों के समुदायों तक पहुंच बढ़ाने से जुड़ा हुआ है।*

केंद्रीय मंत्री ने आईसीएआर और सीएयू इम्फाल की ग्रामीण शिल्प कौशल को बढ़ावा देने के लिए सराहना की

## शिवराज ने 'वीविंग इंडिया टूगेदर' संगोष्ठी में बुनकरों और कारीगरों से किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स के सी. सुब्रमण्यम सभागार में आयोजित 'वीविंग इंडिया टूगेदर ' राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता की और पूर्वोत्तर के बुनकरों, कारीगरों और प्रतिभागियों से संवाद किया। चौहान ने इस अवसर पर पूर्वोत्तर के कारीगरों और बुनकरों के समृद्ध शिल्प



कौशल और सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा की। उन्होंने इस कार्यक्रम में बुनाई परंपराओं को बढ़ावा देने, कारीगरों को प्रशिक्षित करने और सामुदायिक शिल्प के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करने में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के प्रयासों की भी सराहना ▶▶ शेष पेज 7 पर

## बिहार विधानसभा चुनावः आदर्श आचार संहिता के कड़े पालन के लिए चुनाव आयोग ने जारी किए सख्त निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा के आम चुनावों की घोषणा के बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता के सख्त और प्रभावी पालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और सरकारी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू की जाए और यह न केवल राज्य सरकार बल्कि केंद्र सरकार के घोषणाओं व नीति निर्णयों पर भी लागू होगी।

**मुख्य निर्देश और प्रावधान:** सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से प्रचार सामग्री हटाना अनिवार्य – सरकारी भवनों, आवासों या अन्य संपत्तियों का किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा उपयोग सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगा। सरकारी खर्च पर विज्ञापन जारी करना भी वर्जित होगा। ▶▶ शेष पेज 7 पर

बैठकों में लगभग 4400 करोड़ से अधिक के 10 एमओयू किए गए

मुख्यमंत्री नायब का तीन दिवसीय जापान दौरा पूरा, लगभग 5000 करोड़ रुपये का होगा निवेश

## जापान का कुबोटा ट्रैक्टर अब हरियाणा के खेत खलियान में आएगा नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन दिवसीय जापान दौरे से लगभग 5000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं बनी हैं, जिससे हरियाणा के विकास का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। हरियाणा सरकार के अनुसार जापान की कंपनियों के लिए हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन रहा है, जहां अनुकूल औद्योगिक नीतियों, मजबूत



बुनियादी ढांचे और निवेशक-हितैषी वातावरण ने विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। पिछले लगभग 11 सालो में यह विश्वास और मजबूत हुआ है। गौरतलब है कि इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जापान की अग्रणी कंपनियों और औद्योगिक समूहों से मुलाकात की।

इनमें एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बूब, डेंसो, सोजित्ज़, निसिन, कावाकिन, डाइकिन और टोप्पन सहित प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। बताया गया है कि इन बैठकों के परिणामस्वरूप लगभग 4400 करोड़ रुपये से अधिक के 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, जिससे हरियाणा में हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जापान के उद्योग जगत ने हरियाणा सरकार ▶▶ शेष पेज 7 पर

ट्रंप के करीबियों में शुमार गोर बोले, भारत-अमेरिका संबंधों में सुधार लाऊंगा

पक्ष में 51 और विरोध में 47 सीनेटरों ने मतदान किया

## सर्जियो गोर होंगे भारत में अमेरिका के नए राजदूत, सीनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक चुनौती बन चुके टैरिफ संकट के बीच अमेरिकी संसद के उच्च-सदन सीनेट ने बीते मंगलवार देर रात भारत के नए राजदूत के रूप में सर्जियो गोर की नियुक्ति को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है।

जिसमें गोर के पक्ष में 51 और विरोध में 47 सीनेटरों ने मतदान किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए इस साल अगस्त महीने में नामित किया था। हालांकि सीनेट में इस प्रक्रिया के दौरान गौर के साथ



107 उम्मीदवार मतदान की रेस में शामिल हुए। गौर 38 वर्षीय हैं और उन्हें भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत के रूप में भी जाना जाएगा। भारत में अमेरिका के राजदूत के अलावा उन्हें दक्षिण और मध्य-एशिया के विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके पूर्व में वह अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। बताते चलें कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए की गई अपनी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान सर्जियो गौर से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रहे एरिक गार्सेटी के पद छोड़ने के बाद यह पद करीब 8 महीने से खाली था। उसके बाद ही अमेरिका के राष्ट्रपति ने गोर को इसके लिए नामित किया था। ▶▶ शेष पेज 7 पर

रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

जापान-ऑस्ट्रेलिया और यूएस के वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

## मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क खोजा, जिसका उपयोग गैस को जोड़े रखने व कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रसायन में नोबेल पुरस्कार 2025 की घोषणा हो चुकी है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया। इस साल ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सुसुमु कितागावा, ▶▶ शेष पेज 7 पर

ये सम्मान तीन वैज्ञानिक सुसुमु कितागावा (जापान) रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला


सुसुमु कितागावा


रिचर्ड रॉबसन


उमर एम. याघी

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में योगदान

रसायन में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क में अपने योगदान के लिए दिया गया है। जो कि कार्बन और मेटल दोनों से मिलकर बने होते हैं, इनका उपयोग केमिकल प्रोसेस में सहयोग, गैस को जोड़े रखने और कार्बन डाइऑक्साइड को हवा में से हटाने के लिए किया जाता है।

### अब तक 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान दिया गया

इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में प्रदान किया जाएगा। बता दें कि 1901 से 2024 के बीच 195 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को 116 बार रसायन के लिए यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। गौरतलब है कि अल्फ्रेड नोबेल एक धनी स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे और उन्होंने ही इन पुरस्कारों की स्थापना की थी।

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा

**फरीदाबाद।** सामान खरीदने के संबंध में ऑनलाइन फर्जी पेमेंट दिखाकर ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने खाता ऑपरेट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बल्लभगढ़ में मिठाई की दुकान है।



### चोरी के मामले में दो आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** मौसी मकान में चोरी करने के आरोपी को अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जा रही है। थाना खेड़ीपुल में एक महिला ने दी अपनी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी, 4 अक्टूबर को पड़ोसियों ने फोन पर बताया कि उसके घर में चोरी हो गई है। जिस पर घर आकर देखा तो आभूषण चोरी थे।



### देसी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी दौलत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने दौलत निवासी गांव हसनपुर पलवल हाल सुभाष कॉलोनी फरीदाबाद को सेक्टर-62 आशियाना फ्लैट के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है।



# आईसीपी की वार्षिक परिषद में वैश्विक शैक्षणिक नेतृत्व की चुनौतियों पर मंथन

## सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के शिक्षा प्रतिनिधियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरुग्राम

सलवान एजुकेशन ट्रस्ट परिसर में 2 दिवसीय इंटरनेशनल कन्फेडरेशन ऑफ प्रिंसिपल्स (आईसीपी) की वार्षिक परिषद 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक देशों के शिक्षा-प्रतिनिधियों व छात्रों ने भाग लिया।

स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि मलिक का कहना है कि आयोजन में कार्यात्मक नेतृत्व और लीडरशिप इन एक्शन पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ वैश्विक शैक्षणिक नेतृत्व की चुनौतियों और अवसरों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस पर नेतृत्व कौशल डेटा-विश्लेषण एवं सहयोग का समागम देखने योग्य था। सत्र का प्रारंभ सांस्कृतिक गतिविधियों और योग अभ्यास से हुआ। स्कूल की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की ओईसीडी के प्रतिनिधि यूरी बेल्फाली ने वैश्विक पीआईएसए डेटा प्रस्तुत करते हुए



स्पष्ट किया कि तकनीकी प्रगति के बावजूद विश्वभर में गणितीय दक्षता में गिरावट आई है। द्वितीय सत्र में संचालक डेमियन व्हाइट ने आयरिश प्राइमरी प्रिंसिपल्स नेटवर्क के शोध के आधार पर जानकारी दी कि सतत नेतृत्व के मार्ग में प्रशासनिक बोझ और थकान एक वैश्विक समस्या मानी जाती है। डॉ. प्रसाद मेइुरी, लिंडर्ट-जान वेल्डहुइजेन, हिमांशु गुप्ता, डॉ. वेदिता रेड्डी आदि ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे 2023 के अंतर्गत सुधारों पर चर्चा की। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## दिवाली से पूर्व हरे-भरे होंगे शहर के मुख्य मार्ग

# त्योहारों से पूर्व शहर सजाने में लगा ननि, ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रलवर्ज को किया जा रहा है सुसज्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

दीवाली के मद्देनजर नगर निगम लगातार शहर को सजा रहा है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख मार्गो को ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज को हारा-भरा बनाया जा रहा है। त्योहारों से पूर्व शहर का सौंदर्य करण निगम द्वारा किया जा रहा है, उद्यान विभाग द्वारा जहां नियमित पार्कों की सफाई का कार्य किया जा रहा है तथा आवश्यक रूप से बढ़े हुए पेड़ों की कटिंग भी चल रही है इसी को आगे बढ़ते हुए उद्यान विभाग अभियान के रूप में ग्रीन बेल्टों को सुंदर बनाने का कार्य भी कर रहा है जो की सराहनीय है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज में अभियान के रूप में सौंदर्य करण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट आरडीसी फ्लावर के सामने हर शाम पुलिस लाइन की ग्रीन बेल्ट दोनों तरफ से पेड़ पौधे लगाकर सुसज्जित की जा रही है। विवेकानंद नगर सिहारी से संजय नगर फ्लाईओवर तक ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाया जा रहा है, वैशाली रामप्रस्थ रोड की सेंट्रल वर्ज में पेड़ पौधों को लगाकर सुंदर बनाया जा रहा है, वैशाली सेक्टर 1 पुष्पांजलि हॉस्पिटल से वैशाली सेक्टर 16 तक सेंट्रल वर्ज सजाने का कार्य किया गया है, नंदी पार्क के सामने जीटी रोड तक सेंट्रल वर्ज पर पेड़ पौधे लगाकर सौंदर्य करण किया गया है, वार्ड संख्या 72 वैशाली सेक्टर 1 गुरुद्वारे से सेक्टर 2 पुलिया तक सौंदर्यकरण किया गया है, वैशाली सेक्टर 3 आयकर भवन से सेक्टर 2 सेंट्रलवर्ज का सौंदर्यकरण किया गया है, एयर पोर्ट रोड से दिल्ली बॉर्डर से नागद्वार तक विभिन्न चौराहा तथा सेंट्रल वर्ज का सौंदर्य कारण पेड़ पौधे लगाकर किया गया है, वसुंधरा सेक्टर 2बी से सेक्टर 18 गार्डेनिया सोसायटी तक सेंट्रल वर्ज का सौंदर्यकरण किया गया है, मेवाड़ सेंट्रल वर्ज का सौंदर्यकरण किया गया है, एनएच 9 से डायमंड फ्लाईओवर सेंट्रल वर्ज का सौंदर्यकरण किया गया है। हिंडीन फ्लाईओवर से मेरठ रोड तिराहे तक ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज का सौंदर्य करण किया गया है, इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा सभी जोन में मुख्य चौराहा के साथ-साथ प्रमुख मार्गो की ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज का सौंदर्य करण विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर तथा कारपेट घास लगाकर किया गया है जो की आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।



### विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी लगाए जाएंगे

डॉ अनुज प्रभारी उद्यान बताया नियमित रूप से माली हेड माली तथा सुपरवाइजर की टीम पार्कों की सफाई, ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज की सफाई का कार्य कर रही है जिसमें समय-समय पर आवश्यकता को देखते हुए पेड़ों की कटिंग तथा पेड़ पौधों को पानी देने का कार्य भी विभाग द्वारा किया जा रहा है दीपावली से पूर्व मुख्य मार्गो को हरा-भरा बनाने के क्रम में ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज में अभियान के रूप में कार्य किया गया है, जिसमें कारपेट घास लगाने के साथ-साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी लगाए जा रहे हैं जिसमें फोनिक्स पाम विशेष रूप से कोलकाता से मंगाया जा रहा है, टिकोमा स्टेंस पुणे से मंगाया गया है, इसके अलावा फाईकस नूड़ा टपोरी, बेडेलिया, चांदनी वेरी ग्रेटेड, चांदनी सिंगल, चंपा, मुरॉया एग्जॉटिक, हैमिलिया, कोनो कॉरपस प्लांट लगाए जा रहे हैं।

## तकनीकी विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की

# डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटरों के साथ मिलन समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुरुग्राम

प्राइमगोल्ड ने सेल के साथ मिलकर प्राइमरी स्टील सरिया की लॉन्चिंग पर डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ मिलन समारोह का आयोजन गया। इस इवेंट में प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल और सीईओ पुलकित अग्रवाल ने प्राइमगोल्ड टीएमटी की गुणवत्ता और तकनीकी विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि प्राइमगोल्ड सेल जेवीसी लिमिटेड ने देश का उम्दा सरिया प्राइमगोल्ड 550 डी प्राइमरी स्टील मार्केट में लॉन्च कर दिया है। यह उत्पाद सीधे स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बिलेट (कच्चा माल) से बनाया जाता है, जो इसे हाई-राइज बिल्डिंग के निर्माण के लिए आर्दश है। खास बात यह है कि यह सरिया दिल्ली समेत उत्तर भारत के पांच राज्यों में ही तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।

चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि प्राइमगोल्ड 550डी प्राइमरी स्टील बाजार भाव से दूसरी बड़ी कंपनियों की तुलना में सस्ता मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी दिल्ली के बाजार को लेकर ज्यादा फोकस है। इस मौके पर स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (व्यापार) विनोद गुप्ता भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय स्टील उद्योग के लिए बेहतरीन मौका है और भारत में बढ़ती परियोजनाओं के मद्देनजर स्टील की मांग और बढ़ने वाली है।

## आरोपी हिम्मतनगर गुजरात में चलता है फाइनेंस कंपनी

# सोलह लाख 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी, खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16,60,000 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 35 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साईबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 मई को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें निवेश पर अत्यधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया।

व्हाट्सएप पर ग्रुप एडमिन ने अपना परिचय बजाज फाईनेंसियल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेक्रेटरी बताया तथा शिकायतकर्ता से स्टॉक मार्केट में निवेश के लिए एक एप डाउनलोड करवाई। जिसके बाद विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से शिकायतकर्ता ने शेयर मार्केट में 16,60,000 रुपए निवेश किए और जब पैसे निकालने चाहे तो नही निकाल पाया। जिस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल ने कार्रवाई करते हुए खाताधारक हितेन्द्र सिंह परमार निवासी गांव धाणधा अहमदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि हितेन्द्र सिंह खाताधारक है और जिसने अपना खाता ठगों को दे रखा था, जिसके खाता में ठगी के 1,60,000 रुपए आए थे।



आरोपी ग्रेजुएट है और हिम्मतनगर गुजरात में एक फाईनेंस कम्पनी चलाता है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जो लोग टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

# प्रॉपर्टी टैक्स ना भरने पर 11 यूनिट सील, 11.50 लाख का टैक्स बकाया, नोटिस भेजने पर भी नहीं कराया जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम ने बल्लभगढ़ जोन में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाली दोना एवं अन्य वस्तुओं को बनाने की 11 यूनिटों को सील कर दिया है। इन यूनिटों पर 16 लाख 50 हजार रूपए का टैक्स बकाया था। निगम कमिश्नर का कहना है कि जो लोग अपना बकाया टैक्स नहीं जमा करा रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने बताया किए जो लोग प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, उनकी यूनिटों पर सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। बल्लभगढ़ जोन के सेक्टर 59 में की 11 यूनिटों को को सील कर दिया गया है। इन यूनिटों के मालिकों को निगम के द्वारा प्रापर्टी टैक्स जमा करने को लेकर नोटिस दिए गए थे लेकिन उसके बाद भी इनके द्वारा टैक्स को जमा नहीं कराया गया। इन सभी यूनिटों पर अलग-अलग कुल 16.50 लाख रूपए का टैक्स बकाया था। कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने शहर के लोगों से अपील की है कि वो समय रहते अपने प्रापर्टी टैक्स को जमा कराए। ताकि शहर के विकास में वो भागेदारी कर सके। क्योंकि निगम को मिलने वाला टैक्स का पैसा शहर के विकास के लिए खर्च किया जाता है। निगम की टीमें लगातार ऐसी यूनिटों की सूची तैयार कर रही है जिन पर प्रापर्टी टैक्स बकाया है। निगम में आकर कोई भी अपना प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकता है। टैक्स को लेकर किसी प्रकार कोई जानकारी या अन्या सहायता चाहिए तो उसको लेकर भी निगम की तरफ से सुविधा दी जाएगी।

# फांसी लगाकर महिला ने किया सुसाइड

**फरीदाबाद।** डबुआ थाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला के फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना डबुआ गाजीपुर रोड की गली नंबर 6 की है। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय मृतका संध्या अपने पति अनुज और दो बच्चों के साथ यहां किराए के मकान में रह रही थी। यह परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला है। संध्या के पति अनुज ने बताया कि वह ड्राइवरी का काम करता है और रोजाना की तरह रात करीब 9 बजे घर लौटा था। इसके बाद लगभग 10 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। एक कमरे में अनुज अकेले सो रहे थे, जबकि दूसरे कमरे में उसकी पत्नी संध्या अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी। रात करीब 12.10 बजे जब अनुज बाथरूम जाने के लिए उठा तो उसने देखा कि उनकी पत्नी पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई है, जबकि दोनों बच्चे नीचे बिस्तर पर सो रहे थे। यह देखकर वह घबरा गया और तुरंत पुलिस व पड़ोसियों को सूचना दी।

**15 साल पहले हुई शादी:** अनुज ने बताया कि उनकी पत्नी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें कोई अंदाजा नहीं है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत 400 से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गांव धौज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग सेल की टीम ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

थाना प्रबंधक धौज निरीक्षक नरेश ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर बीमारी है, जिससे व्यक्ति, परिवार और समाज सभी प्रभावित होते हैं। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को मादक पदार्थ बेचने के संबंध में सूचना देने के लिए हेल्प लाइन नंबर 1933 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विडियो वैन के माध्यम से 400 से अधिक लोगों को नशा मुक्ति से संबंधित शैक्षणिक वीडियो दिखाए गए। नशा मुक्ति के प्रति लोगों को और अधिक जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम फरीदाबाद पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के सिद्धांत को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एनआईटी क्षेत्र का समुचित विकास करवाना मेरा लक्ष्य : सतीश फागना

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा से विधायक सतीश फागना के विधायक कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को सभी वार्ड पार्षदों ने मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और साथ ही जनता का भी धन्यवाद किया। पार्षदों ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने सतीश फागना पर विश्वास करके उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया और जो विश्वास एनआईटी की जनता ने उन पर जताया था, उन्होंने उतारने का काम किया और आगे भी करेंगे। इस मौके पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि क्षेत्र की जनता की प्यार की बदौलत ही वह चंडीगढ़ विधानसभा में पहुंचे है।

### लड़ाई-झगड़े के मामले में थाना सूरजकुंड की टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े के मामले में थाना सूरजकुंड की टीम ने एक आरोपी को काबू किया है। सतीश निवासी गांव अनंगपुर ने थाना सूरजकुंड में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 27 अगस्त को उसका बेटा जय अपने भाई को गांव के चौक पर छोड़ने गया था। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक कर गाली गलौच की जब वो दोनों वहां से निकले तो उन्होंने उसके बेटों का पीछा किया और कुछ दूर बाद उन्होंने उसके बेटों की गाड़ी के आगे गाड़ी लगा दी जिसके बाद उनके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना पाकर वह मौका पर पहुंचा तो उन लोगों ने उस पर भी हमला कर दिया जिसमें वो सभी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सूरजकुण्ड की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुंदर उर्फ टीटू निवासी गांव अनगंपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ब्रिज लाल पुत्र** हज़ारी लाल **निवासी:** म.नं. B-1/480, नंद नगरी, दिल्ली ने **FIR No. 911/2016 U/s 33/58 Delhi Ex. Act. थाना: नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ब्रिज लाल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ब्रिज लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 911/2016 U/s 33/58 Delhi Ex. Act. थाना: नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ब्रिज लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राना
जेएमएफसी-03, (महिला कोर्ट), कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13611/NE/2025
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी तालिब उर्फ राजा, पुत्र:** नूर मोहम्मद, **पता:** बी–54, गली नं. 9, मंदिर वाली गली शामलीमार गार्डन दिल्ली, **FIR No. 13/20, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थाना: कोतवाली दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तालिब उर्फ राजा,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तालिब उर्फ राजा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **तालिब उर्फ राजा, FIR No. 13/20, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थाना: कोतवाली दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायशा चड्डा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13376/N/2025
(Court Matter)


## बिल्डरों द्वारा विकसित सोसाइटियों में सतर्कता बरतने के निर्देश

# डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए जीडीए की मुहिम तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

देश की राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्राधिकरण की देखरेख वाली कालोनियों, मधुबन बापूधाम, तुलसी निकेतन और कोयल एन्क्लेव सहित राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में फॉगिंग की जा रही है। साथ ही स्थानीय निवासियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

प्राधिकरण ने इस कार्य में जिला स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग लिया है ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित रूप से डेंगू नियंत्रण की कार्रवाई की जा सके। इसी क्रम में, निजी बिल्डरों द्वारा विकसित टाउनशिपों में जहाँ एओए का गठन हो चुका है, उन सभी एओए प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया है कि वे डेंगू रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाएं और आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल उठाएँ।

प्राधिकरण ने सेल को भी निर्देशित किया है कि सभी एओए/आरडब्ल्यूए को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें और उनके अनुपालन की नियमित समीक्षा करें। प्राधिकरण ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और डेंगू की रोकथाम के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

कूलर, टंकी, बाल्टी, गमले आदि का पानी समय-समय पर बदलते रहें। छतों पर पड़े टायर या अन्य वस्तुओं में पानी न रुकने दें। मच्छररोधी उपायों का प्रयोग करें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य न केवल शहर का विकास है बल्कि नागरिकों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे डेंगू की रोकथाम के इस जनअभियान में सक्रिय सहयोग दें।

## जोन 2 में चला जीडीए का बुलडोजर, अवैध कालोनी ध्वस्त

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर बुधवार को जोन 2 में चला। जहां याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कॉलेज के बराबर में, निवाडी रोड, मोदीनगर में लगभग 17000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ईशू नेहरा पुत्र रविन्द्र नेहरा, कृष्णापाल व श यशवीर उर्फ बाबू पुत्रगण प्रेमचन्द, सुखपाल पुत्र ताराचन्द द्वारा याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कालेज के बराबर में, निवाडी रोड, मोदीनगर गाजियाबाद के खसरा सं0-35 पर लगभग 17000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में प्लाटिंग हेतु सड़कों का निर्माण करने के लिए मिट्टी डालने व साईड दीवार बनाने हेतु ईट चिनाई का कार्य जारी, स्थल पर कोई स्वीकृत मानचित्र एवं स्वामित्व अभिलेख नहीं दिखाए गये बताए गए नाम के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडकें, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर/निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-02 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।



### दिल्ली सरकार और सीजीटीएमएसई के बीच सहयोग की मंजूरी

# छोटे उद्यमियों को अब बिना गिरवी रखे मिलेगा ऋण : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सूक्ष्म और लघु उद्यमियों को अब बिना किसी गिरवी के ऋण मिल सकेगा। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार और क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज के बीच साझेदारी हुई है।

इस साझेदारी का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को कुछ भी गिरवी रखे बिना ऋण प्राप्त करने में मदद देना और बैंकों का जोखिम कम करके उन्हें अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह साझेदारी दिल्ली के आर्थिक विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। इससे हजारों उद्यमियों को कर्ज प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

#### 95 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रस्तावित गारंटी संरचना के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के उधारकर्ताओं को अधिकतम 95 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज प्रदान की जाएगी। अब लघु उद्यमों के लिए 0 से 10 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 75 प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और 20 प्रतिशत की कवरेज दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। महिला उद्यमियों और अग्निवीरों द्वारा प्रोत्साहित एमएसई के लिए 0 से 10 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 90 प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और 5 प्रतिशत दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। अब माइक्रो श्रेणी के अंतर्गत 0 से 5 लाख रुपये तक के ऋण पर 85 प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और 10 प्रतिशत कवरेज दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा पांच लाख रुपये से 10 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 75 प्रतिशत कवरेज सीजीटीएमएसई द्वारा और 20 प्रतिशत दिल्ली सरकार द्वारा दी जाएगी। इस तरह सभी पर कुल कवरेज 95 प्रतिशत हो जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि सीजीटीएमएसई की स्थापना वर्ष 2000 में केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा की गई थी। यह संस्था छोटे उद्यमों को बिना कुछ गिरवी रखे कर्ज दिलाने के लिए बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को गारंटी प्रदान करती है। वर्तमान में सीजीटीएमएसई देशभर में 276 सदस्य ऋण संस्थानों के साथ कार्य कर रही है। इसका कुल गारंटी पोर्टफोलियो 9.34 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। वित्त वर्ष 2025 में ही इस संस्था ने 27 लाख ऋण खातों की गारंटी जारी की हैं, जिनकी कुल राशि 3.05 लाख करोड़ रुपये रही। इस योजना के अंतर्गत निर्माण, सेवाएं, खुदरा और शिक्षा जैसे क्षेत्र सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त इस योजना के तहत कुल 50 करोड़ रुपये की राशि चरणबद्ध रूप से सीजीटीएमएसई के साथ जोड़े जाने की भी संभावना है।

#### सूक्ष्म और लघु उद्यमों की मजबूती से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल न केवल सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सशक्त बनाएगी, बल्कि शहर के आर्थिक ढांचे को भी मजबूती प्रदान करेगी। इससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। सरकार का उद्देश्य है कि छोटे व्यवसायियों को वित्तीय सहयोग मिल सके और वे बिना किसी बाधा के अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा सूक्ष्म और लघु उद्यम ऋण पर 95 प्रतिशत तक की उन्नत गारंटी कवरेज के लिए सीजीटीएमएसई के साथ इस सहयोग से दिल्ली के एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक लचीलापन को बल मिलेगा। साथ ही, नए उद्यमों तथा महिला उद्यमियों को विशेष रूप से लाभ और सहयोग मिलने की उम्मीद है।

## पूर्व बस मार्शलों ने जंतर मंतर पर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव- 2025 से पहले भाजपा द्वारा किए गए 'रोजगार के वादों' को लेकर अब दिल्ली के हजारों बेरोजगार पूर्व बस मार्शलों का सब्र टूटने लगा है। बुधवार को जंतर मंतर पर बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस के पूर्व बस मार्शलों ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया और भाजपा नेताओं से अपने पुराने वादों को पूरा करने की मांग की। पूर्व मार्शल मुकेश पाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि धरने का नेतृत्व प्रेमजीत सिंह ने किया और इस दौरान सरकार को चेताते हुए भाजपा नेताओं से लिखित आश्वासन की मांग की। बेरोजगार प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चुनाव से पहले भाजपा नेताओं ने खुले मंच से यह घोषणा की थी कि पार्टी की सरकार बनते ही 60 दिनों के भीतर रोजगार प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

खासतौर पर भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र सचदेवा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंच से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही सभी बस मार्शलों को नियमित रोजगार देंगे लेकिन अभी तक पूर्व बस मार्शलों को रोजगार नहीं दिया गया है।

## गुरु साहिब के उपदेशों और जीवन ने भारतीय दर्शन को दिया नया अर्थ : सिरसा

**नई दिल्ली।** गुरु तेग बहादुर का जीवन साहस और करुणा, आध्यात्मिक स्वतंत्रता और सार्वभौमिक भाईचारे का अद्भुत संगम है। यह विचार दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी : जीवन, शहादत और विरासत' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सिरसा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व का क्षण है कि जिस कॉलेज से मैंने शिक्षा पाई, उसी कॉलेज में आज गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और संदेश पर इतना महत्वपूर्ण सम्मेलन देखने का अवसर मिला। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जिसमें देश-विदेश के प्रमुख इतिहासकार, विद्वान और शिक्षाविद गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और बलिदान पर अपने विचार साझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में 'गुरु तेग बहादुर स्टडी सेंटर' स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है, ताकि गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और योगदान पर गहन अध्ययन और शोध को बढ़ावा दिया जा सके। सिरसा ने आगामी योजनाओं के बारे में बताया कि दिल्ली सरकार नवंबर में लाल किले पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी। यहीं गुरु साहिब ने शहादत दी थी।

# यमुना को निर्मल बनाने का संकल्प आज से पकड़ेगा रफ्तार : सीएम

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज करेंगे 1816 करोड़ से अधिक की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की पौराणिक नदी को उसका पुराना गौरव व रूप दिलाने की प्रभावी योजना गुरुवार से शुरू हो रही है। यानी यमुना नदीं का प्रदूषण खत्म करने की महती योजना गुरुवार से रफ्तार पकड़ने वाली है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 अक्टूबर को दिल्ली को आधुनिक सीवरेज नेटवर्क के रूप में एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात देने जा रहे हैं। वह करीब 1816 करोड़ से अधिक की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनमें स्वच्छ जलापूर्ति से जुड़ी योजनाएं तो शामिल है हीं, साथ ही यमुना को निर्मल व स्वच्छ बनाने के लिए कई विशेष प्रोजेक्ट हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना नदी को निर्मल बनाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए केंद्र सरकार हमारी भरपूर सहायता कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन विशेष परियाजनाओं में दशकों पुरानी



जल और सीवरेज समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित हैं, जो यमुना नदी को लगातार प्रदूषित कर रही हैं। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर लाइन्स का निर्माण और उसे दुरुस्त करना शामिल है। इन योजनाओं में स्वच्छ पेयजल को दूर-दराज के इलाकों तक कुशलतापूर्वक पहुंचाने के लिए बूस्टर पंपिंग स्टेशनों को भी इन परियोजनाओं में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन प्रोजेक्ट में यमुना सफाई अभियान को प्रभावी बल मिलेगा। ये परियोजनाएं यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के व्यापक अभियान का एक अभिन्न अंग हैं। गंदे पानी को सीधे नदी में जाने से रोकने के लिए राजधानी के बड़े 22 नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी बन रहे हैं। इनसे साफ हुआ पानी नदी में जाएगा और प्रदूषण को रोकेगा। इससे यमुना नदी हमेशा के लिए निर्मल व स्वच्छ होना शुरू हो जाएगी, जिसका दिल्ली के करोड़ों लोग सालों से इंतजार कर रहे हैं।

#### यमुना नदी का पुनर्जीवन और स्वच्छता हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि यमुना नदी का पुनर्जीवन और स्वच्छता हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता की जीवनधारा है, जिसकी निर्मलता हमारी आस्था और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता दोनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि यमुना को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और पुनर्जीवित बनाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में यमुना की सफाई अभियान को विशेष रूप से शामिल किया गया था। अब इस वादे को धरातल पर उतारने का समय आ गया है।

## वोट चोरी रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाएगी कांग्रेस : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वोट चोरी के खिलाफ लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करने और भविष्य में भाजपा के षड्यंत्र को रोकने के लिए दिल्ली में वोट चोरी को रोकने के लिए प्रदेश कांग्रेस हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली की सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को चुनाव आयोग के साथ सत्ताधारी भाजपा की वोट चोरी के खिलाफ अभियान से जुड़ने के लिए एक खुला पत्र लिखकर आमंत्रित किया है। यादव ने कहा कि हालांकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में वोट चोरी को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। यादव ने दिल्ली के सभी आरडब्ल्यूए के अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि चुनाव से संबंधित कार्यों अथवा शिकायतों/सुझाव के लिए अपने क्षेत्र में कांग्रेस प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं या सीधे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कंट्रोल रूम नम्बर 9625777907 पर भी अपनी शिकायत या सुझाव दे सकते हैं जिनको तत्परता से हल किया जाएगा।

## निजी पानी टैंकरों पर एनजीटी प्रतिबंध अनुचित और अव्यवहारिक : विजय जौली

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली भाजपा पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 28 मई 2025 के न्यायिक आदेश पर आपत्ति दर्ज की। जिसमें दिल्ली में निजी पानी के टैंकरों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। डॉ. जौली ने इसे अनुचित व अव्यवहारिक बताया क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा दिल्ली के करीब सवा 2 करोड़ नागरिकों को अपर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति हो रही है। डॉ. जौली ने बताया कि दिल्ली में पानी की मांग 1,290 गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) है। लेकिन दिल्ली जल बोर्ड केवल 990 एमजीडी पानी की आपूर्ति कर पाता है। इस कमी को निजी पानी के टैंकर पूरा करते हैं। निजी टैंकरों पर प्रतिबंध से दिल्ली में भ्रष्टाचार व बेरोजगारी बढ़ेगी। भाजपा नेता डॉ. जौली ने आगे कहा कि दिल्ली की 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों में 50 लाख गरीब नागरिक रहते हैं। दिल्ली जल बोर्ड उनकी पीने के पानी की मांग को पूरा करने में असमर्थ है। दिल्ली जल बोर्ड का पानी टैंकर मांग के 3 से 4 दिनों के बाद उपलब्ध होता रहा है।

- दिल्ली में हो रही है अपर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति

## दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में बुधवार को करवाचौथ के पावन पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम की महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर गीत-संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से करवाचौथ के पर्व की सांस्कृतिक गरिमा और सामाजिक महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि करवाचौथ केवल एक व्रत नहीं, बल्कि यह हमारे पारिवारिक मूल्यों, प्रेम, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखते हैं और कार्यस्थल पर सकारात्मक एवं पारिवारिक वातावरण को प्रोत्साहित करते हैं। वहीं, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी, निगम की अनेक महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहीं।

सत्या शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का माध्यम हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | एससीएडीए संचार की विश्वसनीयता में सुधार के लिए डीयूके अनुभाग में ओएफसी हट से टीएसएस/एसपी/एसएसपी के बीच ओएफसी केबल का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2,38,19,639.64/- मात्र |
| धरोहर राशि | ₹2,69,100.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 31.10.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा सं: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1021 दिनाँक: 08.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3100/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव शर्मा** पुत्रः **स्व. मुन्ना लाल** पताः **ई–330, जे जे कॉलोनी, सेक्टर–24, रोहिणी, दिल्ली** ने case **FIR No. 166/2013 U/s 451/354A IPC, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 166/2013 U/s 451/354A IPC, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट–01, उत्तर पश्चिम, रूम नं. 106
राहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13607/NW/2025 (Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल उर्फ जानू** पुत्रः **राम किशन** पताः **मकान नं. 73, गली नं. 9, मुखर्जी नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 857/2022 U/s 380/411/34 IPC, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ जानू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ जानू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 857/2022 U/s 380/411/34 IPC, थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ जानू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
रूम नं. 117
राहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13410/NW/2025 (Court Matter)


### 'मांगें सुनने के लिए सीएम ने दो मिनट का समय भी नहीं निकाला'

# दिल्ली नगर निगम एमटीएस कर्मियों ने राजघाट से दिल्ली सचिवालय तक निकाली पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के डीबीसी/सीएफडब्ल्यु (एमटीएस) कर्मचारी लगातार दसवें दिन यानी 8 अक्टूबर 2025 को भी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखे हुए हैं। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन (रजि) के महासचिव देवानंद शर्मा ने बताया कि बुधवार को हड़ताली कर्मियों ने अपने परिवारों के साथ राजघाट से दिल्ली सचिवालय तक शांतिपूर्ण पैदल यात्रा की। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में मौजूद कर्मियों का यह जनसैलाब अपनी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए सड़कों पर निकला। हड़ताली कर्मियों ने पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग किया और पूरे मार्ग में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। परंतु कर्मियों की उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सचिवालय में मौजूद होने के बावजूद उनसे मिलने नहीं आईं। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हमारी जायज़ मांगें सुनने के लिए दो मिनट का समय भी नहीं निकाला। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और कर्मियों के मनोबल को ठेस पहुँचाने वाला है।

#### जनस्वास्थ्य पर असर, लेकिन कर्मचारी जनता के प्रति संवेदनशील

इस हड़ताल के चलते दिल्ली में मलेरिया और डेंगू नियंत्रण से जुड़ा कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फिर भी कर्मियों का कहना है कि वे जनता के दुश्मन नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के सच्चे प्रहरी हैं और उनकी मांगें पूरी होते ही वे तुरंत काम पर लौट जाएगें। क्या दिल्ली सरकार और निगम प्रशासन इतने बड़े जनस्वास्थ्य संकट के बीच अपने कर्मियों की पीड़ा सुनने के लिए भी तैयार नहीं?

#### निगम मुख्यालय के बाहर धरना जारी

हड़ताली कर्मियों ने बताया कि हम कर्मियों की यह लड़ाई अब सिर्फ वेतन या पद स्थायीकरण की मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सम्मान और न्याय की लड़ाई में बदल गई है। कर्मचारी अपने छोटे-छोटे बच्चों और परिवारों के साथ निगम मुख्यालय के बाहर दिन-रात धरने पर डटे हुए हैं। बावजूद इसके, निगम प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

#### नहीं टूटा मनोबल, जारी रहेगा संघर्ष

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मियों के हौसले कमजोर नहीं पड़े हैं। वे अपने बच्चों की दो वक्त की रोटी और न्याय के अधिकार के लिए अंतिम दम तक डटे रहेंगे। यूनियन ने स्पष्ट किया कि जब तक हमारे हक़ में प्रशासनिक निर्णय नहीं लिया जाता, हड़ताल जारी रहेगी।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एलसीआर

# जब लगातार फील हो थकान और तनाव



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ महीनों से किसी काम में मन नहीं लगता, थकान महसूस होती है, तनाव-चिड़चिड़ाहट होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, इसके लिए मुझे क्या उपाय करना चाहिए?**

**-अंचित, दुर्ग**

सबसे पहले आप इस बात पर गौर करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उस दौरान ऐसा क्या हुआ है कि चिड़चिड़ाहट और तनाव शुरू हुआ है? अगर आप इस बारे में डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए, क्योंकि आप बता रहे हैं कि थकान भी लगती है। कई बार शरीर में खून की कमी होने से थकान लगती है और जिस वजह से चिड़चिड़ापन भी होने लगता है। जांच करने के बाद ही इसके कारण का पता चलेगा।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। दो साल पहले मेरे सिर पर लोहे से चोट लगी थी। हल्का दर्द तो हमेशा होता है, लेकिन कभी-कभी दर्द तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि मुझे राहत के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, रायपुर**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। कई बार चोट लगने के बाद क्लॉटिंग होती है और उसका दुष्प्रभाव कुछ दिनों बाद शुरू होता है। बेहतर होगा कि आप बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट शुरू न करें और इसे हल्के में न लें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे चेहरे और गले पर कई तिल उभर आए हैं। किस मेडिकल प्रोसीजर से तिल हटाए जा सकते हैं?**

**-आदर्श, भोपाल**

इसमें बगैर देखे कुछ भी बता पाना मुश्किल है। इसलिए सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वह इनकी जांच करेंगे और यह देखेंगे कि इनको हटाया जा सकता है या नहीं, क्योंकि कई बार ऐसे भी तिल होते हैं, जिनको हटाना मुश्किल होता है। इसलिए आप सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बदलते मौसम में अकसर मेरे गले में खराश बनी रहती है, दर्द भी होता है। कृपया कोई उपाय बताएं जिससे मुझे इससे राहत मिल सके।**

**-जतिन, बिलासपुर**

यह समस्या काफी लोगों में देखी जाती है। जब मौसम चेंज होता है सर्दी, जुकाम और खराश जैसी समस्या शुरू हो जाती है। इससे बचने के लिए आप सुबह-शाम गर्म पानी से गरारा करें। इसके साथ ही अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल जरूर खाएं। अब आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मेरे पैर अकसर सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया मेरी इस समस्या का निदान बताएं।**

**-सुरेश चंद्र, महेंद्रगढ़**

आपको जल्द से जल्द किसी न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए और जांच करानी चाहिए, क्योंकि यह समस्या कई बार न्यूरो से जुड़ी होती है, जो धीरे-धीरे बढ़ती जाती है। बगैर जांच कराए ओवर द काउंटर किसी तरह की कोई दवा ना खाएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

एडवाइस

डॉ. कोमल चावला
प्रोफेसर-साइकोलॉजी डिपार्टमेंट
ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

स्पेशल: वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे, 10 अक्टूबर

वर्तमान डिजिटलाइजेशन और भाग-दौड़ भरी जीवनशैली के दौर में बेशुमार सुविधाओं के बावजूद हममें से अधिकतर लोग मेंटल प्रॉब्लम्स का सामना कर रहे हैं। इनमें तनाव, घबराहट, उदासी, निराशा, अकेलापन, किसी काम में मन न लगना, एंग्जायटी, अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं कॉमन हैं। चिंताजनक बात यह है कि इन समस्याओं से हर उम्र के लोग ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे में सभी की मेंटल हेल्थ पर ध्यान देने की जरूरत है।

# सभी के लिए जरूरी है मेंटली हेल्दी रहना



डब्ल्यूएचओ के हिसाब से 2019 में दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाया गया। मानसिक रूप से बीमार लोगों की संख्या 970 मिलियन थी। कोरोना काल में एंग्जाइटी के 26 फीसदी और डिप्रेशन के 28 फीसदी मरीज बढ़ गए। दुनिया भर में कुल मानसिक बीमारियों के शिकार लोगों में भारत के 15 फीसदी लोग शामिल हैं। भारत की 7.5 फीसदी आबादी किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रही है। यानी हर आयु-वर्ग में मानसिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसलिए इनका अलग-अलग समाधान खोजना आवश्यक है।

## बाल्यावस्था (0-12 साल)

यह वह उम्र है, जब बच्चा इमोशनल रेगुलेशन यानी भावनाओं को समझना और उन्हें मैनेज करना सीखता है। बचपन में सबसे बड़ा चैलेंज-बच्चे को जब गुस्सा आता है या वह निराश होता है तो उसे पता नहीं होता कि इसको कैसे व्यक्त किया जाए?

**क्या करें:** अगर बच्चों को अपने इमोशंस को पहचानना और व्यक्त करना सिखा दिया जाए, तो वे बड़े होकर बेहतर कम्यूनिकेटर बनते हैं। रिश्तों में कम तनाव महसूस करते हैं। मेंटल हेल्थ इश्यूज जैसे एंग्जायटी, डिप्रेशन से लड़ने में ज्यादा सक्षम होते हैं। पैरेंट्स को बच्चे को यह समझाना चाहिए कि उसका गुस्सा या उदासी रीयल है। लेकिन गुस्से में टॉय तोड़ना सही नहीं है। इसके बजाय उसे गुस्सा आने के कारणों को जानना जरूरी है ताकि आगे वह कंट्रोल कर सके। इससे बच्चा सीखता है कि गुस्से का कारण समझना और उस पर बात करना ज्यादा हेल्दी है।

## किशोरावस्था (13-19 वर्ष)

यह उम्र सबसे नाजुक मोड़ों में से एक है, जब शारीरिक, मानसिक सामाजिक और भावनात्मक बदलाव एक साथ होते हैं। किशोरावस्था एक ऐसा पड़ाव है जिसमें बच्चा बचपन से वयस्कता की ओर



बढ़ रहा होता है। अगर इस दौरान उसे पैरेंट्स का साथ, समझ और स्वीकार्यता मिले, तो वह जीवन भर मजबूत आत्मविश्वास और स्थिर मानसिक स्वास्थ्य लेकर आगे बढ़ता है। इस उम्र में बच्चा यह सोचता है कि वो कौन है, वो किस दिशा में जा रहा है? उसके शरीर में बदलाव हो रहे होते हैं, जिससे वह खुद को दूसरों से अलग महसूस करते हैं, तो उन्हें आत्म-संदेह होने लगता है। जब उसके दोस्त पार्टी में जा रहे हैं और उसको भी पार्टी में चलने के लिए प्रेशर डालते हैं। मन होकर भी वह पैरेंट्स के डर से नहीं जाता। कभी सोशल रिजेक्शन का डर उसे परेशान करता है। यह दबाव कई बार उन्हें गलत आदतों या खुद को बदलने की कोशिश की ओर धकेल सकता है।

**क्या करें:** पैरेंट्स को अपने बच्चे को क्वालिटी टाइम देना जरूरी है। वे जब कुछ बोलते हैं तो अकसर पैरेंट्स उनकी बात काट देते हैं कि तुम्हें तो कुछ पता ही नहीं है, तुम अभी छोटे हो या तुम्हें समझ नहीं आती है। इससे बच्चे का आत्मविश्वास टूटता है। इसके बजाय पैरेंट्स का यह कहना अधिक प्रभावी होगा कि वो क्या महसूस कर रहा है-वे समझते हैं। बच्चे को यह भरोसा होना चाहिए कि वह अपनी बात बिना जज किए साझा कर सकता है। पैरेंट्स को उसकी बात ध्यान से सुननी चाहिए। बच्चे को यह समझाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली बॉडी जरूरी नहीं परफेक्ट हो। खेल, संगीत, आर्ट, डांस, राइटिंग या कोई भी हॉबी बच्चे को स्वस्थ पहचान बनाने में मदद करती है। जब बच्चा किसी काम में अच्छा महसूस करता है, तो पियर प्रेशर का असर कम हो जाता है।

## युवावस्था (20-35 वर्ष)

इस आयुवर्ग में व्यक्ति अपने करियर, रिलेशनशिप और जीवन की दिशा तय करता है। लेकिन इसी दौर में मानसिक दबाव, उलझनें और कंपेरिजन सबसे ज्यादा होती हैं। अवसरों और चुनौतियों से भरी युवावस्था में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान न दिया जाए, तो यह तनाव, एंग्जायटी और बर्नआउट की ओर ले जा सकता है। कॉलेज के बाद हर किसी का पहला लक्ष्य मनपसंद अच्छी नौकरी पाना होता है। ऐसा न होने पर व्यक्ति फ्रस्ट्रेशन, आत्म-संदेह और चिंता से जूझने लगता है। दूसरों से कंपेरिजन इसे और कठिन बना देती है। परिवार की अपेक्षाएं भी इसमें तनाव जोड़ देती हैं।



**क्या करें:** अधिकतर युवाओं को वर्कप्लेस पर किसी काम के लिए न कहने में डर लगता है। सोचते हैं कि मना किया तो प्रमोशन में प्रॉब्लम आएगी या रिलेशनशिप टूट जाएगी। लेकिन समय पर न कहना और अपनी बाउंडरीज तय करना सेल्फ-केयर का हिस्सा है। इसे गिल्ट के साथ नहीं, बल्कि सेल्फ-रेस्पेक्ट के साथ अपनाना चाहिए। काम और तनाव से थके हमारे दिमाग और भावनाएं भी रीचार्ज चाहती हैं। ब्रेन फॉग की स्थिति से बचने के लिए जरूरी है-भरपूर आराम और नींद, मेडिटेशन और माइंड-फ्रेमिंग, हॉबीज (संगीत, कला, खेल, पढ़ना आदि) पर ध्यान देना, सोशल कनेक्शन बनाए रखना।

## मिडएजर्स (36-55 वर्ष)


इस उम्र में रिस्पांसिबिलिटी का प्रेशर रहता है। करियर, फैमिली में तालमेल बिठाने में स्ट्रगल होता है, जिससे स्ट्रेस और बर्नआउट बहुत जल्दी होता है। एक ओर व्यक्ति अपने करियर की पीक पर होता है, दूसरी ओर बड़े होते बच्चों को पूरी अटेंशन चाहिए होती है। व्यक्ति आइडेंटिटी क्राइसिस से भी गुजरता है। ऐसे में बर्न आउट की वजह से हर समय थकान रहना, नींद पूरी न होना, काम के प्रति उत्साह न होना, चिड़चिड़ापन और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना, लगातार तनावपूर्ण विचार आ सकते हैं।

**क्या करें:** जरूरी है कि मिड-लाइफ को सिर्फ स्ट्रगल न मानें, बल्कि इसे एक अवसर समझें, आत्मनिरीक्षण करें। अपनी प्राथमिकताओं को समझें और पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। किसी चीज में पार्टिसिपेट नहीं कर पा रहे, तो हमें फोमो (फियर ऑफ मिसिंग समथिंग) नहीं होना चाहिए। अपनी बाउंडरीज बनाकर चलें। मी-टाइम को महत्व दें। रोजाना कम से कम 20-30 मिनट अपने लिए समय निकालें और योग, मेडिटेशन, वॉक, हॉबीज को टाइम दें। किसी समस्या को लेकर बच्चों और पार्टनर के साथ खुलकर बात करें ताकि स्ट्रेस कम हो। वर्कप्लेस पर जरूरत पड़ने पर न कहना सीखें। दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़ें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### ओल्ड एजर्स (60 साल से अधिक उम्र) में मेंटल प्रॉब्लम्स

**इस एज में** असल चुनौती होती है-अकेलेपन, सामाजिक पहचान खोने और जीवन के उद्देश्य के तलाश की। शोध बताते हैं कि लगभग 20 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसमें नींद की समस्या, नकारात्मक विचार, भूख की कमी और सामाजिक दूरी प्रमुख लक्षण होते हैं। रिटायरमेंट के बाद व्यक्ति को लगता है कि उनका समाज में कोई रोल नहीं रहा। ऑफिस, सहकर्मी और व्यस्त जीवन का हिस्सा न रहने से खालीपन और बेकारपन महसूस होता है। बच्चे और पोते-पोतियां अपनी पढ़ाई, करियर और जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। बुजुर्गों को लगता है कि अब उनके लिए किसी के पास टाइम या जरूरत नहीं है। समय के साथ पैरेंटिंग स्टाइल में आया बदलाव कई बार ग्रैंड-पैरेंट्स और पैरेंट्स के बीच सोच का टकराव का कारण बनता है।



**क्या करें:** युवाओं को बुजुर्गों से जुड़ने की पहल करनी चाहिए। साथ बैठना, कहानियां सुनना, उनके अनुभवों को महत्व देना मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। अगर बुजुर्ग स्मार्टफोन या डिजिटल टूल्स सीख लें तो उनका सामाजिक दायरा बढ़ सकता है। ऑनलाइन ग्रुप्स से जुड़कर वे अपना अकेलापन काफी हद तक कम कर सकते हैं। मेडिटेशन और हल्की एक्सरसाइज, हॉबीज (पेंटिंग, गार्डनिंग, रीडिंग) गतिविधियां करवानी चाहिए।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

# शुगर फ्री स्टीविया के फायदे

एक हर्बल पौधा है स्टीविया, जिसकी पत्तियों में प्राकृतिक मिठास देने वाला यौगिक स्टीवियोसाइड होता है, जो साधारण चीनी से 200 से 300 गुना ज्यादा मिठास से भरा होता है। इसकी खासियत यह होती है कि इसमें कैलोरी नगण्य होती है। यह पौधा मूलतः दक्षिण अमेरिका के पैरागवे और ब्राजील का निवासी है। वहां आदिवासी सदियों से इससे मीठे पेय पदार्थ बनाने में इस्तेमाल करते रहे हैं। क्योंकि पौधे से बनी चीनी में कैलोरी नहीं होती, इसलिए आजकल स्टीविया शुगर यानी शुगर फ्री स्वीटनर की मांग बहुत ज्यादा बढ़ गई। भारत को चूंकि दुनिया की शुगर कैपिटल कहा जाता है, इसलिए भारत में इस स्टीविया शुगर की मांग भी बहुत ज्यादा है। स्टीविया हर्बल हमारे रोजमर्रा के जीवन में चीनी के विकल्प के रूप में उन लोगों द्वारा धड़ल्ले से यूज की जाती है, जो लोग खासतौर पर शुगर फ्री और हेल्दी डाइट के नियम पर चलते हैं। इसलिए स्टीविया हर्बल से बनी शुगर ऐसे लोग चाय, कॉफी, जूस, शर्बत और स्मूदी में इस्तेमाल करते हैं। बेकरी आइटम जैसे केक और कुकीज भी स्टीविया शुगर से बनाए जाते हैं, क्योंकि यह ब्लड शुगर लेबल को नहीं बढ़ाती, इसलिए स्टीविया शुगर की मांग डायबिटीज पीड़ित लोगों के बीच अच्छी खासी है। यह स्टीविया शुगर न केवल डायबिटीज मरीजों की पहली पसंद है बल्कि जो लोग अपना वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह रामबाण है। आमतौर पर परंपरिक चीनी खाने से दांतों में कैविटी की समस्या हो जाती है। इसलिए आजकल दांतों की सुरक्षा के लिए स्टीविया का इस्तेमाल टूथ पेस्ट और माउथ वॉश में भी होता है। तमाम तरह के स्वास्थ्य पेय और हेल्थ सप्लीमेंट्स भी स्टीविया की मदद से बनते हैं। लब्बोलुआब है कि स्टीविया एक हेल्दी स्वीटनर के तौर पर उभर रहा है। *



डाइट सजेशन

डॉ. अदिति शर्मा
कंसल्टेंट-डाइटीशियन, दिल्ली

हमारे खान-पान का मेंटल हेल्थ से बहुत करीबी रिश्ता होता है। अगर आप अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखें, उसमें कुछ सुपर फूड्स को शामिल करें तो स्वयं को मानसिक रूप से हमेशा हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

# डाइट में लें ये सुपर फूड्स मेंटली रहेंगी हेल्दी




आज की अति व्यस्त दिनचर्या की वजह से अधिकांश लोगों का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। अगर हम शुरू से ही अपने खान-पान पर ध्यान दें, तो इससे हमारा मस्तिष्क स्वस्थ और सक्रिय बना रहेगा। आइए जानते हैं कुछ ऐसे सुपर फूड्स के बारे में, जो हमारे ब्रेन की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों में फॉलेट नामक पोषक तत्व पाया जाता है, जो डिप्रेशन को दूर करने में मददगार होता है। इसके अलावा हरी सब्जियों में बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन, विटमिन-के जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो ब्रेन की कोशिकाओं को मजबूत बनाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में एंटी ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो दिमागी थकान को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा टमाटर में लाइकोपिन होता है, जो ब्रेन को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है।



**ब्लू बेरी:** जामुन प्रजाति के इस फल में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन के न्यूरॉन्स की एजिंग की प्रक्रिया को धीमा करता है और एकाग्रता की क्षमता को बढ़ाने में मददगार होता है। यह स्मरण शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके नियमित सेवन से तनाव दूर होता है और खुशी का एहसास होता है। इसी तरह स्ट्रॉबेरी और रास्पबेरी विटमिन-सी से भरपूर होते हैं और ये खुशी पैदा करने वाले हॉर्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ाने में मददगार होते हैं।



**ओट्स:** यह ब्रेन को फायदा पहुंचाने वाला सुपर फूड है। इसमें बीटा ग्लूकॉन फाइबर होता है, जो ब्रेन को लगातार एनर्जी देता है और थकान दूर करता है। सुबह के नाश्ते में ओट्स लेने से दिन भर काम करने की एकाग्रता बनी रहती है। इसमें ट्रिप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन से सेरोटोनिन का सिक्रीशन बढ़ाता है, जो हमें खुशी का एहसास दिलाता है।

**फिश:** अगर आप नॉनवेजीटेरियन हैं, तो मछली का सेवन आपके ब्रेन को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड ब्रेन के न्यूरॉन्स की झिल्लियों को मजबूत बनाता है और ब्रेन के नर्व्स के सूजन को कम करता है। यह तत्व डिप्रेशन और एंग्जायटी से लड़ने में भी मददगार होता है। सप्ताह में दो बार मछली का सेवन ब्रेन को एक्टिव बनाता है।

**सीड्स और नट्स:** अगर आप स्ट्रेस फील करते हैं, तो चिया सीड्स या फ्लैक्स सीड्स का सेवन करें। ये चीजें मूड स्विंग को नियंत्रित करती हैं और ब्रेन को ऊर्जावान बनाए रखती हैं। बादाम, अखरोट, कद्दू और सूरजमुखी के बीज मैग्नीशियम और जिंक से भरपूर होते हैं। मैग्नीशियम, नर्वस सिस्टम को सही ढंग से संचालित करता और बेहतर नींद लाने में मददगार होता है। अखरोट में ओमेगा-3 होता है, जो ब्रेन को सक्रिय रखता है। रोजाना मुट्ठी भर नट्स खाने से तनाव दूर होता है और ब्रेन को एनर्जी मिलती है। कद्दू के बीज में ट्रेप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो खुशी का एहसास दिलाता है।

**डार्क चॉकलेट:** इसमें फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो ब्रेन में ब्लड फ्लो बढ़ाते हैं और एंडोर्फिंस नामक हैप्पीनेस हार्मोन रिलीज करते हैं। अपने लिए 70 प्रतिशत कोको वाली चॉकलेट का चुनाव करें, उसमें मौजूद मैग्नीशियम ब्रेन की सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। इससे एंग्जायटी और स्ट्रेस में कमी आती है।

**केला:** यह विटामिन बी-6 और पोटेशियम से भरपूर होता है। इसमें मौजूद विटमिन बी-6, सेरोटोनिन और डोपामाइन नामक हैप्पीनेस हॉर्मोन के सिक्रीशन में मददगार होता है। ये हॉर्मोंस ब्रेन को एक्टिव बनाने के साथ खुशी का भी एहसास दिलाते हैं।

अगर आप अपनी नियमित डाइट में यहां बताई गई इन चीजों को प्रमुखता से शामिल करेंगे तो आप मानसिक रूप से हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। *

**प्रस्तुति: विनीता**



खबर संक्षेप

## मुजफ्फरपुर में दर्दनाक हादसा, पिता-पुत्र की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक भीषण



सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा एनएच-27 पर पिरौंधा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान मो. हुसैन (35 वर्ष) और उनके बेटे मो. रेहान (13 वर्ष) के रूप में हुई है।

## पानी प्लांट के स्टाफ की संदिग्ध अवस्था में मौत

**पूर्णिया।** पूर्णिया के एक पानी



प्लांट में स्टाफ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। परिजनों का सीधा आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। सूचना पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच कर घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। साथ ही लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। घटना केहाट थाना क्षेत्र के न्यू सिपाही टोला स्थित एक पानी प्लांट की है। घटना के बाद इलाके में दहशत और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

# सीतारमण ने बृहस्पति कुंड का किया अनावरण, कहा- उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ता है 'बृहस्पति'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अयोध्या का दौरा किया। उनका यह दौरा दो दिवसीय था और इसका मुख्य उद्देश्य बृहस्पति कुंड में आयोजित विशेष सांस्कृतिक आयोजन में हिस्सा लेना था। एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। स्वागत समारोह में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों ने अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

निर्मला सीतारमण का काफिला एयरपोर्ट से होटल तक सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया। होटल में कुछ समय विश्राम के बाद केंद्रीय मंत्री निर्धारित कार्यक्रम के लिए बृहस्पति कुंड रवाना हुईं। बृहस्पति कुंड में आयोजित इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संयुक्त रूप से दक्षिण भारत के तीन प्रमुख संगीतज्ञों, संत त्यागराज

### अयोध्या में वित्तमंत्री दो दिवसीय दौरे पर पहुंची



स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण किया। इन मूर्तियों का उद्देश्य भारतीय संगीत और भक्ति परंपरा को दर्शाना है। ये संगीतज्ञ भारतीय भक्ति संगीत में विशेष योगदान देने वाले हैं और उनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती हैं।

आयोजन के दौरान बृहस्पति कुंड परिसर का सौंदर्य और व्यवस्थित तैयारियों ने इसे सांस्कृतिक आकर्षण का केंद्र बना दिया। इस पहल को उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी माना जा रहा है। मूर्तियों के अनावरण से स्थानीय लोगों और दर्शकों को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। सांस्कृतिक और भक्ति संगीत के प्रति इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि अयोध्या जैसी ऐतिहासिक नगरी में दक्षिण भारतीय संगीतज्ञों की उपस्थिति ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता और परंपरा को एक मंच पर प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के आयोजन स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, निर्मला सीतारमण का अयोध्या दौरा और बृहस्पति कुंड में मूर्तियों का अनावरण एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक अवसर रहा, जिसने विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को भारतीय संगीत, कला और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम किया।

### ईओयू ने स्टाफ से पूछताछ की

## भागलपुर में कार्यपालक अभियंता के आवास पर ईओयू की छापेमारी जारी





एजेंसी ▶▶ पटना

भागलपुर के भवन निर्माण विभाग के विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रणव कुमार के भागलपुर स्थित आवास पर पटना से आई आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की जा रही है।

प्रणव कुमार के रानीतालाब, औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित आवास पर सुबह से ही छापेमारी जारी है। टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। घर के अंदर मौजूद किसी भी व्यक्ति को बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। ईओयू की टीम घर के स्टाफ से अलग कमरे में पूछताछ कर रही है। वहीं परिवार के सदस्यों से भी निगरानी विभाग के अधिकारी अलग-अलग पूछताछ कर रहे हैं। टीम ने फिलहाल छापेमारी से संबंधित कोई आधिकारिक जानकारी साझा करने से इनकार किया है। स्थानीय लोगों के संभावित प्रतिरोध को देखते हुए औद्योगिक थाना पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घर के सभी रास्तों पर आवाजाही रोक दी है। गौरतलब है कि प्रणव कुमार वर्तमान में दरभंगा में भवन निर्माण विभाग के विद्युत प्रमंडल में कार्यपालक अभियंता के पद पर तैनात हैं।

### सीम योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश

# सभी जिलों में हटाएं सरकारी जमीनों के अवैध कब्जे, तहसीलों के एसडीएम को सौंपी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर अमरोहा जिले में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। नन्हेड़ा अलियारपुर में बाजार की जमीन और धनौरा में रामलीला मैदान की पैमाइश की जाएगी। हसनपुर के रहरा में चारागाह की जमीन पर हुए कब्जों को भी हटाया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ अमरोहा

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इस आदेश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। सभी तहसीलों के एसडीएम को ग्राम समाज और निकायों की सरकारी जमीनों को चिह्नित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उधर, नन्हेड़ा अलियारपुर में चिह्नित साप्ताहिक बाजार की जमीन से जल्द ही कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी प्रकार, धनौरा नगर पालिका क्षेत्र में रामलीला मैदान की पैमाइश का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा। प्रशासन इस दिशा में पूरी तैयारी कर रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र के रहरा में तमाम लोगों ने चारागाह की जमीन पर कब्जे कर रखे हैं। अपने आवास व दुकानें तक उसमें बना ली हैं। इसके बाद भी काफी जमीन लोगों ने कब्जा रखी है। इसके अलावा ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अलियारपुर में बाजार की जमीन पर ही लोगों ने कब्जा कर दुकानें खड़ी कर दी हैं। जिसकी पैमाइश कार्य में अधिकारियों ने लापरवाही बरती है। इसलिए उसकी दोबारा से पैमाइश के निर्देश दिए गए हैं।

धनौरा में रामलीला की जमीन की पैमाइश का काम भी अधर में लटका है। लेकिन, अब उसमें तेजी आएगी। क्योंकि मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को हटवाया जाए। उनके इस निर्देश को अफसरों ने अमलीजामा पहनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

नन्हेड़ा अलियारपुर में ग्राम पंचायत की जमीन से हटेगा कब्जा

धनौरा में रामलीला मैदान की जमीन की प्रशासन कराएगा पैमाइश



**अवैध कब्जा सहन नहीं**

जिस सरकारी जमीन पर कब्जा होगा, उसको हटवाया जाएगा। अवैध कब्जा किसी कीमत पर सहन नहीं होगा। इसके लिए सभी तहसीलों के एसडीएम को निर्देशित कर दिया है।

-गरिमा सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व

## मंत्री नंद गोपाल का बड़ा एक्शन, यूपीएसआईडीए के प्रबंधक को किया बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसी की मनमानी नहीं चलेगी। योगी सरकार मनमानी और लापरवाही के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। इसी कड़ी में राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात हेमेंद्र प्रताप सिंह को मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बर्खास्त कर दिया है। अनुशासनहीनता और कार्य निष्पादन में लापरवाही के आरोपों के चलते उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विद्युत-यांत्रिक प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह को

**जांच से उजागर हुई गंभीर लापरवाही**

विभागीय सूत्रों के अनुसार, हेमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि वे बिना अनुमति कई महीनों तक कार्य से अनुपस्थित रहे. उन पर यह भी आरोप था कि उन्होंने उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किया और कार्यप्रणाली में बार-बार नियमों की अवहेलना की। यूपीएसआईडीए के सीईओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक जांच समिति गठित की।

## जैकेट का शेष....

### गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू...

बेटा के बेटा है। घर का खस्ताहाल है भोजन भी तीन दिन से नहीं बने हैं। मकर संक्रांति आने वाली है। चावल खाकर हम पेट भर रहे हैं, कुछ कृपा करो। पिता जी से उन्होंने कहा रात हो गई है आप घर जाओ धीरू को रहने दो। रात 12 बजे उन्होंने स्नान किया। ठंड थी धीमी आग के सामने वो बैठ गए और रात 1 बजे हमारी बांह पकड़ी उस रात से हमें अजीब सा लगने लगा। दिखता तो कुछ नहीं पर अनुभव होता है और हम वह सब कह जाते हैं। तब से लेकर अब तक वह सिलसिला चल रहा है।

सवाल -सुभाष चंद्र बोस जयंती पर आपने हिंदू राष्ट्र देने नारा दिया था, तुम हमारा साथ दो हम हिंदू राष्ट्र देंगे। यह अभियान कहां तक पहुंचा?

जवाब- बस अभी उसी दिशा चले हैं। 80 करोड़ से ज्यादा हिंदू है। कहां तक पहुंचे यह नहीं कह सकते पहले कहा जाता है गर्व से कहो हम हिंदू हैं। अब लोग यह कह रहे हैं कि हम हिंदू हैं, तो यात्रा चल पड़ी है। हमे भविष्य वक्ता नहीं बनना है, न ही मैं यह हूं। संभावनाएं लोग जताते हैं। लेकिन भारत का भविष्य दिखाई दे रहा है। अगर हम अभी नहीं संभले तो भारत को गुलाम होने से कोई नही रोक सकता। भारत में जातिवाद के नाम पर सड़क पर लोगों को मरते हुए कोई रोक नहीं सकता। भारत में प्राचीन परंपरा पर ऊंगली उठाने वालों को कोई रोक नहीं सकता। भारत की कंगाली कोई रोक नहीं सकता यदि वर्तमान में कोई अच्छी व्यवस्था नहीं हुई तो। भारत अंदर खोखला होते जा रहा है। विश्व स्तर पर भारत जरूर आगे बढ़ता दिख रहा पर गांव कमजोर हो रहे हैं। लोग शराब और नशे के आदि हो रहे हैं। भारत को एक समय पूजा जाता था पर उसकी संस्कृति आज किस कगार पर खड़ी है लोगों को इसका बोध नहीं है। देश में अमीरों के काम जल्दी होते हैं। गरीबों का काम नहीं होता। लोग नोंचने में लगे हैं

सवाल- देश में बदलाव के लिए आपके पास क्या मॉडल है। लोग आस्था के साथ देख रहे हैं।

जवाब- मेरे पास कोई मॉडल नहीं है। हम सरकार नहीं है, इसलिए मॉडल रख नहीं सकते। मॉडल के लिए साधू संत हैं। बालाजी के साथ सरकार लगा है हमारे नाम के साथ नहीं। हम भी चाहते हैं कि हमारे से आपेक्षा न रखे।

सवालः राजनीति के संबंध क्या विचार है। किस दिशा में जा रही है।

जवाब- वोट बैंक की राजनीति राजनीति नहीं कहलाती। जनता के हित में काम करे वहीं राजनीति है। राजनीति के लिए केवल एक नरेंद्र मोदी काफी नहीं हैं। सबको नरेंद्र मोदी बनना पड़ेगा। हम किसी पार्टी के समर्थक नहीं हैं। राहुल गांधी से हमारी मुलाकात नहीं हुई उस पर कुछ नहीं कहूंगा। राजनीति पर बयान नहीं देता। दो नांव पर यात्रा नहीं करनी चाहिए।

सवाल-हॉस्पिटल के चक्कर में कहां पड़ गए?

जवाब- धर्म को सामाजिक नहीं करेंगे तब तक हम हिंदू धर्म से दूर हो जाएंगे। मंत्र भी विज्ञान है, जो कृपा से ठीक न हो उसे दवा दी जाए। अब हॉस्पिटल का काम करना है तो हमारे कार्यक्रमों में कोई फर्क नहीं पड़ा।

सवालः एक हिंदू को आप कैसे देखते हैं। आपकी धारणा क्या है?

जवाबः केवल तिलक लगाना, घंटी बजाना हिंदू होना नहीं है। अधर्म के खिलाफ आवाज उठाना, मानव सेवा करना हिंदू होना है। जब तक हिंदू को सामाजिक सेवा से नहीं जोड़ेंगे हिंदू वैश्विक नहीं होंगे।

सवाल-आपका सन्यासी रहेंगे या गृहस्थ जीवन में कब प्रवेश करेंगे।

जवाब-माता-पिता इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठीक ठाक परिवार मिले तो हम दूल्हा बनकर चढ़ जाएंगे। अभी हमारे माता पिता ने अभी नहीं सोचा। आप जगत कल्याए का रास्ता चुनेंगे या जीवन में

सवाल-वीआईपी से बागेश्वर धाम में नहीं मिलेंगे यह घोषणा की है ऐसा क्यों?

जवाब- हमारे पास बहुत लोग मिलना चाहते हैं। वीआईपी लोगों से मिलने में समय बहुत लग जाता है। हम लोगों बीच का काम करें। कम से कम एक दिन का समय वीआईपी के लिए कर दिया है। बाकि समय आम लोगों को ज्यादा देते हैं।

सवाल-बागेश्वर धाम सरकार के दर्शनार्थ जाते हैं या धीरेंद्र शास्त्री से मिलने आते हैं।

जवाब- एक पंथ दो काज के संबध में बागेशवर धाम आते हैं। यहां पर बालाजी के भी दर्शन हो जाते हैं। अपने क्षेत्र में एक मिशन स्वास्थ्य पकड़ा है इसमें डेढ़ सौ करोड़ लगना है। यह निकल जाएं तो आगे विद्यालय बना रहे हैं, जो उसमें बच्चों को संस्कृति और अन्य चीजों की शिक्षा देंगे।

**सवालः** अस्पताल बनाने के चक्कर में कैसे पड़ गए। कामकाज को कितना प्रभावित किया।

**जवाबः** कामकाज तो प्रभावित नहीं हुआ। लेकिन हम मस्तराम मस्ती में जीने वाले आदमी है। अस्पताल का प्रण लेने के बाद चिंता करनी पड़ती है कि सीमेंट खरीदना है, लोहा खरीदना है। अब जंगला खरीदने हैं। खिड़की खरीदनी हैं। अब कथा करने चलो। कोई भक्त मिल जाए दान दक्षिणा मिल जाए तो अस्पताल के काम आ जाए।

**सवालः** इस यात्रा पर कभी ऐसा विचार आता है कि यह छूट गया, यह कर लेना चाहिए?

**जवाबः** हमारे गुरु ने कहा था दूसरों को सुख देना है। भजन करो तो भोजन की चिंता नहीं रहेगी। दूसरों को रास्ता दिखाने का रास्ता चुनो। परमार्थ का रास्ता चुन लिया है। उसकी संतुष्टि होती है। कुछ छूटने का विचार नहीं आता।

### जोहो मेल को ...

लिए इसी पते का उपयोग करें। जोहो, जो कि पूरी तरह भारत में विकसित एक तकनीकी प्लेटफॉर्म है, वैश्विक सॉफ़्टवेयर परिदृश्य को बदल रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को गति दे रहा है। कुछ दिन पहले केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी जोहो मेल अपनाया और इसे दस्तावेज़, स्प्रेडशीट और प्रेजेंटेशन साझा करने के लिए एक अच्छा मंच बताया। उन्होंने लोगों से देशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। ध्यान देने योग्य है कि जोहो सॉफ़्टवेयर 'सॉल्यूशन' को चेन्नई के श्रीधर वेम्बु द्वारा विकसित किया गया है।

### मुंबई में आज 'इंटरेक्टिव...

एलएंडटी, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, गोदरेज इंडस्ट्रीज़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज ग्रुप, आईपीसीए लैब और रेमंड ग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख परियोजनाओं जैसे पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन, पीएम मित्र पार्क, फुटवियर पार्क और उद्योग आधारित क्लस्टर्स पर विस्तार से चर्चा करेंगे। साथ ही उद्योगपतियों और प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर राज्य में निवेश को लेकर संवाद और डिप्लोमैट राउंडटेबल मीटिंग में अंतर्राष्ट्रीय निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## पेज एक का शेष....

### मुंबई व देश ....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा, इस नए एयरपोर्ट से महाराष्ट्र के किसान यूरोप और पश्चिम एशिया के सुपरमार्केट से भी जुड़ पाएंगे।

### बेमिसाल अवसरों को समेटे...

रही है। जब इस साल जुलाई महीने में ही प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ब्रिटेन की संसद ने भी इसे अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके बाद आपसी व्यापार में बढ़ोतरी के साथ टैरिफ में कटौती और 2030 तक व्यापार के भी दोगुना होने की उम्मीद है।

**दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था भारत :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत के साथ कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच हस्ताक्षरित एफटीए के बाद अपार संभावनाएं हमारा इंतजार कर रही हैं। जिन्हें जल्द धरातल पर क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने व्यापार समझौते को महज एक कागज का टुकड़ा न मानते हुए इसे विकास का एक लांचपैड बताया और घोषणा की कि भारत की अर्थव्यवस्था 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। ऐसे में उनके साथ व्यापार करना और अधिक आसान और सस्ता हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमने भारत के साथ जुलाई-25 में एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। जो एक बेहतरीन समझौता है। लेकिन कहानी केवल यहीं खत्म नहीं होती है। भारत में हुए विकास का अर्थ है और अधिक विकल्प, स्थिरता और ब्रिटेन के लोगों के लिए घरेलू रोजगार में बढ़ोतरी।

### शिवराज ने 'वीविंग इंडिया...

की। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक और डेयर सचिव डॉ. मांगी लाल जाट और आईसीएआर के उपमहानिदेशक, कृषि विस्तार डॉ. राजबीर सिंह भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने कारीगरों को अपने अनुभवों, चुनौतियों और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया और नीति निर्माताओं और अधिकारियों को पारंपरिक शिल्प कौशल और आधुनिक बाजारों के बीच तालमेल को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। इस संगोष्ठी ने ग्रामीण कारीगरों के समावेशी विकास के जरिए 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को और भी रेखांकित किया।

### बिहार विधानसभा चुनाव...

**नागरिकों की निजता का सम्मान** – किसी भी निजी आवास, दीवार, भूमि या भवन पर बिना अनुमति झंडे, बैनर या पोस्टर नहीं लगाए जा सकेंगे।

**शिकायत प्रणाली 24×7 सक्रिय** – किसी भी नागरिक या राजनीतिक दल द्वारा आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत 1950 हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज कराई जा सकती है। आयोग ने इसके लिए 24×7 काम करने वाली शिकायत प्रणाली सक्रिय की है। साथ ही, नागरिक सी-विजिल ऐप के माध्यम से भी उल्लंघन की सूचना दे सकते हैं।

**824 फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात** – आयोग ने राज्यभर में 824 उड़न दस्ते तैनात किए हैं जो शिकायत मिलने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करेंगे।

**मंत्रियों और अधिकारियों पर सख्ती** – मंत्रियों को चुनावी प्रचार में सरकारी मशीनरी, वाहन, संसाधन या कर्मियों का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। सभी अधिकारियों को निष्पक्ष रहकर कार्य करने और किसी भी दल के प्रति पक्षपात से बचने का निर्देश दिया गया है।

**जनसभा और जुलूसों के लिए नियम** – राजनीतिक दलों को रैलियों, सभाओं और जुलूसों के आयोजन के लिए अग्रिम अनुमति लेनी होगी। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना अनिवार्य होगा।

**सार्वजनिक स्थानों का समान उपयोग** – मैदानों और हेलिपैड जैसे सार्वजनिक स्थान सभी दलों को समान शर्तों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए 'सुविधा मॉड्यूल' को ईसीआईनेट पर सक्रिय किया गया है, जहां दल पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने दोहराया है कि चुनाव प्रक्रिया की साख बनाए रखने के लिए सभी दलों, उम्मीदवारों और सरकारी अधिकारियों को निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

### जापान का कुबोटा ट्रैक्टर...

के पारदर्शी शासन और उद्योग-अनुकूल नीतियों से प्रभावित होकर हरियाणा के साथ औद्योगिक, ढांचागत विकास और अनुसंधान व नवाचार के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।

**10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप में एक 'मिनी जापान सिटी' का सपना :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पहले बजट अभिभाषण (2025-26) में घोषित किए गए 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के वायदे को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। उनका विजन है कि 10 में से एक आईएमटी केवल जापान की कंपनियों के सहयोग से विकसित किया जाए जिसके लिए उन्होंने निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया, ताकि जापान और हरियाणा की नई पीढ़ियों की विकास में भागीदारी बढ़े।

**ओसाका के कुबोटा प्लांट में मुख्यमंत्री बने 'किसान दूत' :** अपने जापानी दौरे के दौरान ओसाका स्थित कुबोटा ट्रैक्टर प्लांट का उन्होंने दौरा किया। कुबोटा ने हरियाणा में 2 हजार करोड़ से अधिक निवेश की पेशकश की। अब वह दिन दूर नहीं जब जापान का कुबोटा ट्रैक्टर हरियाणा के किसानों के खेत खलियान में अपना दम दिखाएगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि हरियाणा के मेहनती किसान के श्रम और जापान का तकनीकी संगम कृषि में नई ऊंचाइयां तय करेगा।

**जापान का दौरा हरियाणा को 'ग्लोबल ग्रोथ हब' बनाने की दिशा में एक अहम शुरुआत :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह दौरा केवल एक निवेश यात्रा नहीं, बल्कि हरियाणा को 'ग्लोबल ग्रोथ हब' बनाने की दिशा में एक अहम शुरुआत है। साथ ही यह जापान और हरियाणा के विकास, विश्वास और वैभव की सांझी यात्रा है। इस सांझेदारी की झलक ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में हरियाणा पैवेलियन में भी दिखाई दी, जहाँ जापानी और हरियाणवी नवाचारों का संगम नजर आया।

### सर्जियो गोर होंगे...

**भारत से संबंधों में सुधार की जताई उम्मीद :** राजदूत सर्जियो गौर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की बेशुमार संभावनाएं हैं। मैं दोनों देशों के संबंधों में सुधार लाऊंगा। वहीं, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने बीते वक्त में गौर के नामांकन का स्वागत करते हुए कहा था कि वो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल हैं। बतौर राजदूत भारत में उनकी नियुक्ति दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को दिए जाने वाले महत्व और प्राथमिकता को प्रदर्शित करती है। गोर ने पिछले सितंबर महीने में सीनेट में अपने नाम की पुष्टि के लिए हुई सुनवाई के दौरान भारत को अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार बताया था।

### मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क ...

रिचर्ड रॉबसन और उमर एम. याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास के लिए रसायन विज्ञान में 2025 का नोबेल पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। सुसुमु कितागावा जापान के क्योटो विश्वविद्यालय से हैं, रिचर्ड रॉबसन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय से और अमेरिका के बर्कले स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से उमर एम. याघी हैं।

तीनों वैज्ञानिकों को संयुक्त रूप से धातु-कार्बनिक ढांचे बनाने में उनके अग्रणी कार्य के लिए सम्मान दिया गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रतन लाल गुप्ता पुत्रः** श्री तारा चंद गुप्ता **पताः** गांव व डाकघर थाना गाजी, जिला अलवर, राजस्थान, **इसके अलावाः** खसरा 192, बावरी के पास, सलारपुर रोड से खसरा नंबर 210, रोड, नीमराणा, राजस्थान **इसके अलावाः** ई–37, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर–3 नोएडा **इसके अलावाः** डब्ल्यू 6/29, लेन नंबर 6, मानेकशॉ मार्ग अनुपम गार्डन, सैनिक फार्म, नई दिल्ली **इसके अलावाः** यूनिट नंबर 208, दूसरी मंजिल, आईएलडी ट्रेड सेंटर, सेक्टर, 47, गुड़गांव हरयाणा ने **Ct Case/966/2017 & Ct Case/967/2017 U/s 138 NI Act थानाः मुखर्जी नगर दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन लाल गुप्ता,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे सनाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन लाल गुप्ता,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct Case/966/2017 & Ct Case/967/2017 U/s 138 NI Act थानाः मुखर्जी नगर दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रतन लाल गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
एलडी. एसीजेएम (एन) कमरा नंबर 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13572/NW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीत कुमार** पुत्र **गया सिंह** पताः **वी.पी.ओ. इंजोर, थाना महेंदिया, जिला अरवल, बिहार, वर्त्तमान पताः के–203, लाल कुआँ, बदरपुर, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 02/2017 U/s 279/337 IPC, थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 02/2017 U/s 279/337 IPC, थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीणा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
दक्षिण जिला, रूम नं. 214
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/13258/SD/2025 (Court Matter)

## चिंतन

# कांग्रेस का पीछा ही नहीं छोड़ रहे उसके कारनामे

सत्ता में रहने के दौरान किए गए कारनामों को लेकर कांग्रेस लगातार घिर रही है। ये कारनामे बीते 11 सालों से सत्ता से बाहर कांग्रेस का पीछा छोड़ते नजर नहीं आ रहे। बीते दिनों पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने खुलासा किया कि वे मुम्बई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने को तैयार थे, लेकिन बाहरी दबाव के चलते ऐसा नहीं कर पाए। मुंबई में 26/11 को हुए आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी। चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय की अमेरिकी विदेश मंत्री राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार लगातार विदेशी दबाव में थी और उनके अनुसार ही फैसले ले रही थी। आतंकवाद पर तो कांग्रेस की नीति न केवल लचर थी बल्कि कांग्रेस सरकार कड़ा फैसला ही नहीं ले पाई। यही कारण रहा कि देश में आतंकी हमले होते रहे और निर्दोष नागरिक जान गंवाते रहे। जबकि सरकार बदलने के बाद पिछले दो दशकों में आतंकवाद को लेकर भारत की नीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्रवाद की गहराई से जुड़ी भावना के साथ पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामरिक, हर मोर्चे पर निर्णायक और घातक वार किया गया। 26 नवंबर 2008 को भारत की आर्थिक राजधानी पर हुआ हमला निस्संदेह सबसे भयानक, घातक और खतरनाक था। मुंबई को दुश्मनों ने घेर लिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी शहर में घुसे, प्रमुख स्थानों पर फैल गए और लगभग 12 स्थानों पर बम धमाके कर, निर्दोष नागरिकों को बंधक बनाकर, कई दिनों तक आतंक का तांडव मचाया। इसमें 160 से अधिक लोगों की जान गई। पाकिस्तानी आतंकी कसाब जीवित पकड़ा गया। उसने खुद कबूल किया कि इसके पीछे पाकिस्तान था। भारत के पास खुद अपराधी का इकबालिया बयान था। दुनिया देख रही थी, पाकिस्तान कांप रहा था, लोग गुस्से में थे, कांग्रेस सरकार अमेरिका के दबाव में थी। जबकि 2014 के बाद आतंकवाद पर देश की नीति ही बदल गई। पठानकोट में वायुसेना अड्डे पर आतंकी हमला हुआ तो भारत ने निर्णायक रुख अपना लिया। 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर हमला हुआ तो इस बार भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के कैंप पर एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। 22 अप्रैल 2025 में पहलगाम पर्यटकों पर हमला हुआ तो 7 मई 2025 को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में फैले 9 आतंकवादी ठिकानों पर 24 मिसाइल हमले से सैकड़ों आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इस हमले में आतंकियों के सरगना अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए। यह है बदले भारत की तस्वीर, जो ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अब कोई अमेरिका हमारे फैसले नहीं बदल सकता।



**स्वास्थ्य**
प्रमोद भार्गव

# सर्दी-खांसी की दवा बनी अभिशाप

> सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। साफ है, नकली दवा कारोबार बेखौफ जारी है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी-खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी, किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर-13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी।

मृतक बाल-गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी पर मामला दर्ज करके उन्हें फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं, देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं।

साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं, ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा-तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019-20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के




आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर भी खरी नहीं उतरी थीं। जबकि भारत की रैनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। रैनबैक्सी एक साल में कई हजार करोड़ की दवाएं देश व दुनिया में बेचती है। ऐसी ही बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसी आचार संहिता के पालन के पक्ष में नहीं हैं। किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर कानूनी तौर से रोक लग जाए तो दवाओं की कीमतें 50 फीसदी तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार अपने देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने के नजरिये से कुछ समय पहले केन्द्र सरकार ने दवा कंपनियों से ही एक आचार संहिता लागू कर उसे कड़ाई से अमल में लाने की अपील की थी। लेकिन संहिता का जो स्वरूप सामने लाया गया, वह राहत देने वाला नहीं था। संहिता में चिकित्सकों को उपहार व रिश्वत देकर न तो अनैतिक कारगुजारियों को लेकर कोई साफगोई है और न ही संहिता की प्रस्तावित शर्तें व कानून बाध्यकारी हैं। इन प्रस्तावों को लेकर दवा संघों में भी मतभेद हैं। विज्ञान की प्रगति और उपलब्धियों के सरोकार आदमी और समाज के हितों में निहित हैं। लेकिन हमारे देश में मुक्त बाजार की उदारवादी व्यवस्था के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जब आगमन हुआ, तो जिस तेजी से व्यक्तिगत व व्यवसायजन्य अर्थ-लिप्सा और लूटतंत्र का विस्तार हुआ है, उसके शिकार चिकित्सक तो हुए ही, निगरानी तंत्र भी इसकी चपेट में है। नतीजतन भारत के दवा बाजार में बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों की 70 प्रतिशत से भी ज्यादा की भागीदारी हो गई। इनमें से 25 फीसदी दवा कंपनियां ऐसी हैं जिन पर व्यवसायजन्य अनैतिकता अपनाने के कारण अमेरिका भारी आर्थिक दण्ड दे चुका है।

ऐसे हालात में चिकित्सक अनैतिकता और दवा कंपनियां केवल लाभ का दृष्टिकोण अपनाएंगी तो आर्थिक रूप से कमजोर तबका तो स्वास्थ्य चिकित्सा से बाहर होगा ही, जो मरीज दवा ले रहे हैं उनके मर्ज की दवा सटीक दी जा रही हैं अथवा नहीं, इसकी गारंटी भी नहीं रह जाएगी ? इस कारण सरकार ने 2009 के आरंभ में दवा कंपनियों के संघ से स्वयं एक आचार संहिता बनाकर अपनाने को कहा था। वजाहिर है आचार संहिता के बहाने चिकित्सक और उनके परिजनों को विदेश यात्रा की सुविधा को परंपरा बनाने का फरेब संहिता में जानबूझकर डाला गया। एसौचेम के मुताबिक देश में 25 प्रतिशत की दर से हर साल इस कारोबार में इजाफा हो रहा है। बहरहाल भारत सरकार को दवाओं पर निगरानी के लिए मजबूत तंत्र खड़ा करने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व डाक दिवस

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'




# कागज, स्याही व संवेदनाएं डाक की अनकही कहानी

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा, डाक सेवाएं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी करके भारतीय डाक ने ग्रामीण और शहरी भारत को जोड़ा है, जिससे छोटे व्यवसायों और स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का मौका मिला है। डाक टिकटें भी विश्व डाक दिवस का एक अनूठा पहलू हैं। ये छोटे-छोटे कागज के टुकड़े केवल भुगतान का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और विज्ञान की कहानियां बयां करते हैं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि चाहे दुनिया कितनी भी बदल जाए, कुछ चीजें, जैसे एक प्रियजन का पत्र, डाकिए की घंटी, और डाकघर की वह पुरानी खुशबू—हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। विश्व डाक दिवस हमें यह एहसास दिलाता है कि संचार का असली जादू तकनीक में नहीं, बल्कि उन भावनाओं में है, जो समय और दूरी को पार करके हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
**दर्शन**

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियां

कभी-कभी लड़कियों के अच्छे और हौसले की ऐसी खबरें सुनने को मिलती हैं जो उनके हौसले के बारे में जानकर सभी दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। अभी हाल ही में एशिया कप और आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप में हमारे देश में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को हरा दिया। सारी दुनिया और पाकिस्तान इस बात को अच्छी तरह समझ गए होंगे कि हमारे देश की महिला क्रिकेट टीम किसी से कम नहीं है। महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 1976 में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के साथ खेला था। हमारे देश की टीम ने पहली जीत पटना के स्टेडियम मोइन उल हक में वेस्टइंडीज को हराकर हासिल की थी। महिला टीम की और भी कई शानदार उपलब्धियां हैं। *- दीपक पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया में दिवाली पर राजकीय अवकाश घोषित

भारतीय प्रवासियों के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में कैलिफोर्निया ने दिवाली पर आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित कर दिया है। इस तरह कैलिफोर्निया अमेरिका का तीसरा राज्य बन गया है जिसने भारत के इस प्रकाश पर्व को आधिकारिक तौर पर अवकाश के रूप में मान्यता दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने विधानसभा सदस्य ऐश कालरा द्वारा दिवाली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सितंबर में दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने वाला 'एबी 268' नामक विधेयक कैलिफोर्निया विधानमंडल के दोनों सदनों से सफलतापूर्वक पारित हो गया था, जिस पर न्यूसम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा थी। कालरा ने पिछले महीने कहा था, 'कैलिफोर्निया भारतीय अमेरिकियों की सबसे बड़ी आबादी वाला स्थान है और दिवाली को आधिकारिक राजकीय अवकाश घोषित करने से लाखों कैलिफोर्निया वासियों तक इसका संदेश पहुंचेगा जो इसे मनाते हैं और विविधता से भरे हमारे राज्य में कई लोगों को इसे अपनाने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली सद्भावना, शांति और नवीनीकरण की साझा भावना के संदेश के साथ समुदायों को एक साथ लाती है।



## ऑफ बीट

# क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा है? विशेषज्ञों की राय

एआई दुनिया बदल देगा। एआई 'अद्भुत सफलताएँ' लाएगा। एआई को बहुत ज़्यादा प्रचारित किया जा रहा है, और यह बुलबुला फूटने वाला है। एआई जल्द ही मानवीय क्षमताओं को पार कर जाएगा, और यह 'अति बुद्धिमान' एआई हम सभी को खत्म कर देगा।' एआई के गॉडफादर', कंप्यूटर वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने कहा है कि अगले तीन दशकों में एआई के कारण मानव के विलुप्त होने की 10-20 प्रतिशत संभावना है। यह एक परेशान करने वाला विचार है - लेकिन इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि ऐसा होगा या नहीं और कैसे। इसलिए हमने पांच विशेषज्ञों से पूछा: क्या एआई अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है? पाँच में से तीन ने कहा, 'नहीं"। यहाँ उनके विस्तृत उत्तर दिए गए हैं। असली ख़तरा यह नहीं है कि एआई बहुत ज़्यादा स्मार्ट हो जाए। नहीं। वर्तमान में प्रौद्योगिकी जिस स्थिति में है, उसमें वास्तविक खतरा यह नहीं है कि एआई बहुत अधिक स्मार्ट हो गया है - बल्कि खतरा यह है कि मनुष्य इन उपकरणों के निर्माण और उपयोग के बारे में गलत निर्णय ले रहे हैं। वर्तमान एआई प्रणालियाँ, प्रभावशाली होते हुए भी, मूलतः 'स्टोकेस्टिक पैरट ही हैं। वे परिष्कृत पैटर्न-मिलान में संलग्न हैं जो पूर्वानुमान के माध्यम से बुद्धिमत्ता का अनुकरण करती हैं।




## ट्रेंड

### श्रद्धासुमन अर्पित



भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर, मैं उस दूरदर्शी नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोकतंत्र और न्याय के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिय।
-सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति

### नवाचार को बढ़ावा



पिछले दशक में भारत की तकनीकी क्रांति की विशेषता गति, पैमाने और नीतिगत सुधार रहे हैं। हमारी सरकार केवल नियामक बनने के बजाय, नवाचार को बढ़ावा देने वाले सुविधाप्रदाता बनने में विश्वास करती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संविधान का अपमान



सुप्रीम कोर्ट के उच्च न्यायाधीश का जो अपमान किया गया, हम उसकी घोर निंदा करते हैं और ऐसी विचारधारा अगर सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास होती है, तो वो संविधान का अपमान है। जो विचारधारा इंसान को इंसान ना माने, वो मानसिकता संविधान के अनुसार नहीं है।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### नई तकनीक के आधार



भविष्य जितना एआई जैसी तकनीकों से जुड़ा है, उतना ही धरती के नीचे के संसाधनों से भी जुड़ा है, न केवल सोना, बल्कि तांबा, एल्युमीनियम, जस्ता, लिथियम आदि हर नई तकनीक के आधार हैं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।









# चिराग, मांझी और कुशवाहा की ज्यादा सीटों पर लड़ने की डिमांड से उलझा पेंच

## बिहार: एनडीए के भीतर छोटे दलों की बड़ी मांग, उलझन में भाजपा-जदयू | अगले दो तीन दिन में सीट बंटवारे का निकल सकता है समाधान

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटों की मांग रखते हुए चिराग पासवान,जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने भाजपा और जदयू की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालांकि एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर किसी भी तरह के मतभेद से भाजपा ने साफ इंकार किया है। बावजूद इसके माना जा रहा है कि प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत चिराग पासवान,जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने ज्यादा सीटों की डिमांड रख अपना दांव चला है। अब देखना ये है कि इन तीनों को भाजपा और जदयू कितनी सीटों पर राजी करते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सीट बंटवारे की घोषणा पटना में ही होगी। उम्मीद है कि इस एक-दो दिन में एनडीए गठबंधन में कौन कितने सीटों पर और कहां से लड़ेगा इसका फैसला कर लिया जाएगा। हम पार्टी के जीतन मांझी 15 सीट मांग रहे हैं, चिराग पासवान 40 से 45 सीट मांग रहे हैं जबकि बीजेपी 20 सीट ही देने को तैयार है। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी 20-22 सीट मांग रही है। भाजपा-जेडीयू 103-103 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय मंत्री ने गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर एनडीए सहयोगियों के बीच किसी भी तरह का मतभेद से नहीं है, बातचीत चल रही है और जल्द ही अंतिम फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार एनडीए के सीएम चेहरा हैं।


लोजपा के अध्यक्ष चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर उनकी नाराजगी पर बुधवार को कहा कि न पद की चाह है, न सीट की नाराजगी। मेरी कोई पद या सीट की मांग नहीं है। चर्चा अच्छी चल रही है और समय आने पर सही निर्णय होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एनडीए के साथ तालमेल को प्राथमिकता दी जाएगी।

उधर उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने भाजपा को लगभग 20-22 सीटों की लिस्ट सौंप दी है। इन्हीं सीटों में कुशवाहा चुनाव लड़ना चाहते हैं। जिन सीटों की लिस्ट सौंपी गई है, उनमें दिनारा, मधुबनी, महुआ, उजियारपुर, कुर्था सासाराम प्रमुख हैं, इसके अलावा सुल्तानगंज, गोह, बाजपट्टी, शेखपुरा समेत करीब 20-22 सीट वो चाहते हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने ने भी अपनी चाहत बता दी है। उन्होंने राष्ट्रकवि दिनकर की कविता के जरिए अपनी डिमांड रखी है। उन्होंने ने बुधवार को संकेत दिया कि भले ही उनकी पार्टी चाहती थी कि बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से आधी सीटों पर चुनाव लड़े, लेकिन एनडीए सहयोगियों से टकराव से बचने के लिए वह 15 सीटों पर समझौता करने को तैयार हैं।

ज्ञात रहे कि बिहार की कुल 243 सीटों पर दो चरणों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा।

दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को होगी। इस दिन 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। नतीजों की घोषणा 14 नवंबर को होगी। इस बार के चुनाव में 7 करोड़ 42 लाख वोटर हैं। इनमें 3 करोड़ 92 लाख पुरुष जबकि 3 करोड़ 49 लाख महिला वोटर्स हैं।

लोकजनशक्ति पार्टी के सांसद राजेश वर्मा ने बुधवार को साफ कहा कि हम 43 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, यह हमारा अधिकार भी है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमें 2020 के विधानसभा चुनाव की तरह अकेले लड़ने में कोई दिक्कत नहीं है।



### हर दिन 4 चुनावी सभा करेंगे सीएम नीतीश कुमार पीएम मोदी हर तीसरे दिन सभा करेंगे

इस बार पहले चरण में सबसे अधिक चुनावी सभा भजपा के दिग्गज नेताओं की होगी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की 25-25 चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। खास बात यह है कि पीएम मोदी की चुनावी सभा में सीएम नीतीश कुमार भी अपना संबोधन देंगे। पीएम मोदी की हर तीन में एक सभा उस क्षेत्र में होगी प्रधानमंत्री की सभाओं में मंच पर एनडीए के उम्मीदवारों को भी जगह मिलेगी। जनता दल यूनाईटेड की ओर से सीएम नीतीश कुमार 10 अक्टूबर से अपने चुनावी अभियान पर निकलेंगे। इस दौरान वह हर दिन चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। रोड शो भी कर सकते हैं।

### मैं नाराज नहीं हूं सिर्फ एक ही मांग: चिराग



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बड़ा बयान दिया है। चिराग ने कहा कि सीट शेयरिंग पर चर्चा जारी है और जैसे ही बात पूरी हो जाएगी, सब कुछ सार्वजनिक कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो वे किसी पद को लेकर नाराज हैं और न ही किसी सीट को लेकर कोई असंतोष है। मैं सिर्फ एक ही मांग करता हूं- बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट।

### सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला भी जल्द तय हो जाएगा: गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही इस बार भी चुनाव लड़ा जा रहा है। सीट बंटवारे का फॉर्मूला भी जल्द तय हो जाएगा। उन्होंने चिराग पासवान की नाराजगी की बात पर कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। वेनाराज नहीं हैं। एनडीए में सब कुछ सामान्य है।

### तेजस्वी के पास चरवाहा विद्यालय का विजन राहुल की पहचान क्या?

हमारे यहां सब कुछ ठीक है, नेता तय है नीति तय है नियत साफ है।विजन तो है, चरवाहा विद्यालय का विजन है। तेजस्वी की अपनी उपलब्धि क्या है? अगर यह लालू यादव के बेटे नहीं होते और राहुल गांधी गांधी परिवार के नहीं होते तो इनको मोहल्ला के लोग भी नहीं पहचानते।

### ये 5 केंद्रीय मंत्री लड़ सकते हैं विधानसभा चुनाव

अटकलें हैं कि मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर इस बार बिहार में भी कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, राजभूषण चौधरी और सतीश चंद्र दुबे जैसे बड़े नाम इस सूची में शामिल हो सकते हैं। यह भाजपा का बड़ा दांव होगा। भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान में यह सूत्र अपनाया था।

### सीट-बंटवारे को लेकर आरजेडी और कांग्रेस में किचकिच



बिहार में सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में सीटों को लेकर सबसे ज्यादा किचकिच कांग्रेस को लेकर है। कांग्रेस जितनी सीटें मांग रही है, आरजेडी उसे उतनी सीटें नहीं देना चाहती। बिहार से आ रही मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरजेडी ने कांग्रेस को 54 सीटों का ऑफर दिया है लेकिन बिहार प्रदेश कांग्रेस की ओर से आरजेडी को 75 सीटों की सूची भेजी है। महागठबंधन की अगुवाई कर रही आरजेडी के सामने एक बड़ी मुश्किल यह भी है कि इस बार महागठबंधन में दो और राजनीतिक दल शामिल हो गए हैं।

### निषाद की भाजपा में वापसी जल्द



कुछ नेताओं की घर वापसी भी हो रही है। इसी कड़ी में अब दिग्गज नेता अजय निषाद का नाम भी जुड़ने वाला है। कांग्रेस से मुजफ्फरपुर लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले अजय निषाद की भाजपा में वापसी हो सकती है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर वह कांग्रेस में चले गए थे। चुनाव में वह हार गए थे।

### कांग्रेस उम्मीदवार करन का सम्मान



तरनतारन। कांग्रेस पार्टी की ओर से उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित होते ही करनबीर सिंह करन बुर्ज ने तरनतारन शहर के दिग्गज नेताओं से मुलाकातों का सिलसिला शुरु कर दिया। तरनतारन से टिकट के दावेदार रहे अवतार सिंह तनेजा के आवास पर पहुंचकर उन्होंने चुनाव में सहयोग मांगा।

### आजम से मिले अखिलेश, झूठे केसों में फंसाया गया



समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव का कहना है कि आजम खान पार्टी की धड़कन हैं और उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें बेवजह के मुकदमों में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। समाजवादी पार्टी आजम खान के साथ है और हमेशा रहेगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज के एचओडी को एक छात्रा की पढ़ाई और अटेंडेंस में मदद के बहाने कथित तौर पर दुर्व्यवहार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संजीव कुमार मंडल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। मंडल ने कथित तौर पर बीसीए की छात्रा को अपने घर बुलाया और कहा कि ये स्पेशल क्लास है।



### 'कार्यवाहक पीएम' जैसा बर्ताव कर रहे शाह

**कोलकाता।** सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह की हरकतें और उनका व्यवहार 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' जैसा है। मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करना चाहती हूं कि वे शाह पर अधिक भरोसा न करें, जो 'एक दिन उनके लिए मीर जाफर' जैसे बन सकते हैं।



### शाहरुख की रेड चिलीज से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब


**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में समन जारी किया। यह 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को लेकर 7 दिन में जवाब देने को कहा है।

### ज्वलनशील केमिकल्स ने ली 6 लोगों की जान

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पूरी घटना बुधवार दोपहर को हुई जब मजदूर पटाखे बना रहे थे। फैक्ट्री में ज्वलनशील केमिकल्स का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे आग तेजी से फैल गई। फैक्ट्री में कई मजदूर फंस गए, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ गई। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर लिखा, इस दुखद दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने दुर्घटना के कारणों, राहत उपायों और मेडिकल सहायता के बारे में बात की है।

## आधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण का पीएम ने किया उद्घाटन

# एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा नवी मुंबई एयरपोर्ट, विमानन को नया रूप देगा



19,650 करोड़ की लागत से तैयार भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है।अड्डे को 1160 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ, दुनिया के सबसे कुशल अड्डों में से एक के रूप में डिजाइन किया।

### सपने को वास्तविकता में बदलने देश में नए-नए हवाई अड्डों का निर्माण किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत के सबसे आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल हवाई अड्डों में शुमार नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। यह परियोजना देश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में से एक है, जो आने वाले वर्षों में भारत की विमानन उद्योग को पूरी तरह बदलकर नया रूप देगी। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुंबई का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार समाप्त हो गया। अब मुंबई को अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राप्त हो गया है। यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब सपनों को साकार करने का दृढ़ संकल्प हो तथा देशवासियों तक तेजी से विकास का लाभ पहुंचाने की मजबूत इच्छाशक्ति हो, तो परिणाम अवश्य प्राप्त होते हैं। हमारी विमानन सेवा और इससे संबंधित उद्योग इसका प्रमुख उदाहरण हैं।

यह अड्डा वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों और 3.25 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो को संभाल सकेगा



**मैंने कहा था चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेगा**

पीएम मोदी ने कहा कि आपको याद होगा कि वर्ष 2014 में जब देश ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी, तब मैंने कहा था कि मेरा सपना है कि चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई यात्रा कर सके। इस सपने को वास्तविकता में बदलने के लिए देश में नए-नए हवाई अड्डों का निर्माण आवश्यक था। हमारी सरकार ने इस लक्ष्य पर तत्परता से कार्य प्रारंभ किया। पिछले 11 वर्षों में देश में एक के बाद एक हवाई अड्डे विकसित होते रहे। वर्ष 2014 में हमारे देश में मात्र 74 हवाई अड्डे थे, जबकि आज भारत में हवाई अड्डों की संख्या 160 से अधिक हो चुकी है।

### मुंबई को एक अहम भूमिगत मेट्रो सुविधा भी मिली

उन्होंने आगे कहा कि आज मुंबई को पूर्णतः भूमिगत मेट्रो सुविधा भी मिल गई है। इससे शहर में यातायात और सुगम होगा तथा लोगों का समय भी बचेगा। यह भूमिगत मेट्रो उभरते भारत का एक जीवंत प्रतीक है। मुंबई जैसे हलचल भरे शहर में, भूमि के नीचे तथा ऐतिहासिक भवनों को सुरक्षित रखते हुए इस शानदार मेट्रो का निर्माण किया गया है। मैं इससे जुड़े सभी श्रमिकों और अभियंताओं को हार्दिक बधाई देता हूं।

### 2-2.30 घंटे का सफर मात्र 30-40 मिनट में पूरा होगा

पीएम मोदी ने कहा किजिस मेट्रो लाइन का उद्घाटन हुआ है, वह उन लोगों के कृत्यों की स्मृति भी ताजा करता है। मैं इसके शिलान्यास समारोह में सम्मिलित हुआ था। तब मुंबई के लाखों परिवारों में आशा जगी थी कि उनकी कठिनाइयां कम होंगी, लेकिन उसके बाद आई सरकार ने इस परियोजना को ही ठप कर दिया। उन्हें सत्ता प्राप्त हुई, लेकिन देश को हजारों-करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ तथा वर्षों तक असुविधा सहनी पड़ी। अब इस मेट्रो लाइन से 2-2.30 घंटे का सफर मात्र 30-40 मिनट में पूरा हो सकेगा। जहां मुंबई में प्रत्येक मिनट का मूल्यवान महत्व है, वहां 3-4 वर्षों तक इस सुविधा से वंचित रहना किसी पाप से कम नहीं है।

### आप सभी स्वदेशी का समर्थन करें

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी में हुए अगली पीढ़ी के सुधारों से, जिन वस्तुओं के दाम कम हुए हैं, उसके फलस्वरूप देशवासियों की आर्थिक क्षमता और मजबूत हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष नवरात्रि के दौरान बिक्री के कई नए रिकॉर्ड बन गए हैं। हमारी सरकार आगे भी ऐसे कदम उठाती रहेगी, जो देशवासियों के जीवन को सुगम बनाएं और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करें। लेकिन मैं आपसे एक अनुरोध भी करता हूं कि स्वदेशी का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो, हम स्वदेशी हैं। यह हर घर और बाजार का मूल मंत्र बन जाना चाहिए।

## कांग्रेस का आरोप, हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

# मणिपुर में जल जीवन मिशन में सैकड़ों करोड़ का घोटाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने मणिपुर में जल जीवन मिशन के तहत सैकड़ों करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए इसकी अदालत की निगरानी में जांच की मांग की है। पार्टी के मणिपुर से सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम ने आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है।



डॉ. अकोइजाम ने खुलासा किया कि जलशक्ति मंत्रालय के अनुसार राज्य के लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल जल पहुंचा दिया गया है, लेकिन ज़मीन पर स्थिति पूरी तरह उलट है। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद कई गांवों का दौरा कर दावों की सच्चाई जांची और पाया कि कई जगहों पर तो पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई थी।उन्होंने कहा, यह चौंकाने वाला है कि सरकार एक ओर दावा कर रही है कि कार्य पूरा हो चुका है और नल जल उपलब्ध है, जबकि हकीकत में अब जाकर पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि जब राज्य हिंसा और संकट के दौर से गुजर रहा था, तब इस मिशन के नाम पर जनता के पैसे की खुली लूट की गई। उन्होंने कहा कि जिन-जिन गांवों का उन्होंने दौरा किया, वहां एक भी घर में नल से पानी नहीं आ रहा था, जबकि सरकारी आंकड़ों में वहां काम पूरा दिखाया गया है। डॉ. अकोइजाम ने कहा कि यह मामला सिर्फ गड़बड़ी नहीं, बल्कि 'डेटा में हेराफेरी और फंड की बड़े पैमाने पर बंदरबांट' का संकेत देता है। विभिन्न जिलों से इसी तरह की शिकायतें आ चुकी थीं। बार-बार ऐसी गड़बड़ियां सामने आना इस बात की ओर इशारा करता है कि मिशन में बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग, जवाबदेही की कमी और निगरानी तंत्र की नाकामी हुई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **रवि कुमार उर्फ सोनू, पुत्रः** मनोहर लाल, **पताः** खसरा नंबर 174, 990 बस स्टैण्ड के पास स्टेट बैंक गली रिठाला गांव, दिल्ली **FIR No. 0437/21; U/s: 380/411 IPC, पुलिस थानाः दक्षिणी रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रवि कुमार उर्फ सोनू, FIR No. 0437/21; U/s: 380/411 IPC, पुलिस थानाः दक्षिणी रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव कटारिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं. 208, द्वितीय तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13541/RD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमीर चंद** निवासी डी–94–95, जे.जे. कॉलोनी नं. 2, ब्लॉक–डी, नांगलोई, पवन आटा चक्की, दिल्ली ने सी.सी. संख्या 6893 / 17 धारा 138 एन.आई अधिनियम, थाना राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमीर चंद** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमीर चंद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. संख्या 6893 / 17 धारा 138 एन.आई अधिनियम, थाना राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अमीर चंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.11.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अरविंद तोमर,**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (एन.आई. एक्ट)
कोर्ट नं. 507, एक्सटेंशन ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13420/CD/2025

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी नहीं, बल्कि तालिबानी मानसिकता की सरकार काबिज: पूनावाला

# पश्चिम बंगाल में बाढ़ से लोगों के विस्थापन के बावजूद सीएम ममता सेलिब्रेशन मॉड में: भाजपा

### बंगाल में हर दिन लोकतंत्र की हत्या हो रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में हर दिन लोकतंत्र की हत्या हो रही है। राज्य में बाढ़ और भूस्खलन से 35 से अधिक लोगों की मौत और 50 हजार से अधिक लोगों के विस्थापन के बावजूद ममता बनर्जी सेलिब्रेशन मॉड में हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में अहम प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य में आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू पर हुए जानलेवा पर टीएमसी और इंडी गठबंधन की चुप्पी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस नेता नवीन यादव द्वारा वोट चोरी को लेकर राहुल गांधी से तीखे प्रश्न किए। पूनावाला ने कहा कि अब बंगाल में 'मन भय से भरा हुआ है और सर टुकड़े-टुकड़े होकर टूट जाता है। आज टीएमसी तालिबानी मानसिकता और कल्चर की सरकार काबिज है। पिछले 24 घंटों की घटनाओं से टीएमसी का एक और अर्थ स्पष्ट रूप से सामने आया है, 'टी से ट्राइबल पर अत्याचार, एम से महिलाओं पर अत्याचार और सी मतलब सिटीजन हुए पूरे लाचार'। पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन की विकट स्थिति बनी हुई है। विशेष रूप से उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कालिम्पोंग जैसे क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इन घटनाओं में अब तक 35 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। उत्तर बंगाल की यह दयनीय स्थिति पूरी तरह से एक मानव रचित आपदा है, क्योंकि इसमें तृणमूल कांग्रेस सरकार की घूसखोरी और लापरवाही प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू , विप्लब देब और बंगाल के अन्य वरिष्ठ नेता व सांसद जैसे राजू बिस्ता, शुभेंदु अधिकारी, शमिक भट्टाचार्य सभी राहत कार्यों में जुटे हुए हैं, एनडीआरएफ की टीमें सक्रिय हैं और आरएसएस के कई स्वयंसेवक भी वहां मदद कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर, जब इतनी बड़ी आपदा और त्रासदी विशेष रूप से उत्तर बंगाल में फैली हुई है, तब ममता और टीएमसी सेलिब्रेशन मॉड में हैं और साथ ही हिंसक कुंठा भी दिखा रही हैं। एक तरफ बाढ़ की आपदा और नुकसान है, दूसरी ओर ममता आत्म-मुग्ध होकर जश्न मना रही हैं। टीएमसी कार्यकर्ता लोगों पर हिंसक तरीके से हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में चैनलों पर देखा गया है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ तीन-तीन जानलेवा हमले हुए हैं।

# वेम्बु की खतरनाक चेतावनी, एआई की वजह से आपके घरों की कटेगी बिजली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभी तक आपने एआई के तमाम फायदों के बारे में सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं कि एआई आपके घर में बिजली की कटौती के लिए जिम्मेदार साबित हो सकता है।

- एआई मॉडल इतनी ज्यादा बिजली खा रहे इलेक्ट्रिक ग्रिड टूटने के कगार पर

जोहो के फाउंडर श्रीधर वेम्बु ने इसे लेकर एक खतरनाक चेतावनी दी है। उनका कहना है कि 'यह कोई साइंस फिक्शन नहीं बल्कि एक आने वाला संकट है।' वेम्बु ने हाल ही में एक्स पर अपने एक पोस्ट में चेताया है कि एआई मॉडल्स इतनी ज्यादा बिजली खा रहे हैं कि बिजली के बिल आसमान छू रहे हैं और इलेक्ट्रिक ग्रिड टूटने के कगार पर हैं। वेम्बु ने बताया कि अमेरिका के एथेंस, जॉर्जिया में 2023 से अब तक बिजली की कीमतें 60 फीसदी बढ़ गई हैं। इसकी वजह वहां लगे एआई डेटा सेंटर हैं। इस बारे में वेम्बु ने लिखा, "भले ही हम सारे जीपीयू खरीद लें, हम बिजली का बिल नहीं भर सकते। हम घरों और फैक्ट्रियों को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। कहा कि भारत को अपने डिजिटल ढांचे के बारे में फिर से सोचना होगा।

**समाधान खोजना होगा :** *हमें एआई तकनीक को ऐसे विकसित करना होगा जो कम बिजली का इस्तेमाल करते हुए ज्यादा काम कर सके। मौजूदा एआई मॉडल बहुत ज्यादा ऊर्जा खपत करते हैं और यह टिकाऊ नहीं है। भारत को सौर और पवन ऊर्जा में निवेश बढ़ाना होगा। साथ ही, डेटा सेंटरों को ऐसी जगहों पर लगाना होगा जहां बिजली की आपूर्ति पर्याप्त हो और स्थानीय लोगों पर बोझ न पड़े।*

## जोहो के फाउंडर श्रीधर का मानना, यह कोई साइंस फिक्शन नहीं

### भारत में डेटा सेंटरों का बढ़ता बोझ

श्रीधर वेम्बु का कहना है कि भारत को बहुत ज्यादा बिजली बचाने वाले एआई की जरूरत है। बता दें कि भारत में डेटा सेंटर की क्षमता 2024 में 1.2 गीगावाट थी, जो 2030 तक बढ़कर 5 गीगावाट तक हो सकती है। यह पांच गुना से भी ज्यादा बढ़ोतरी है। एआई का काम 2030 तक हर साल 40 से 50 टेरावाट बिजली प्रति घंटे खर्च कर सकता है। उनके अनुसार यह इतनी बड़ी मात्रा है कि हमारा पावर सिस्टम, जो पहले से ही बढ़ती औद्योगिक और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दबाव में है, और भी ज्यादा परेशानी में आ जाएगा।






### ब्लैकआउट का खतरा

रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर स्वच्छ ऊर्जा की वृद्धि धीमी रही तो देश को हर साल 6 टेरावाट प्रति घंटे बिजली की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इससे गर्मी की लहरों या एआई की ज्यादा गतिविधि के दौरान ब्लैकआउट का खतरा बढ़ जाएगा। खासकर जिन इलाकों में एआई डेटा सेंटर ज्यादा होंगे, वहां यह समस्या गंभीर हो सकती है। स्थानीय ग्रिड डेटा सेंटरों की बिजली से जुड़ी जरूरतों को संभालने के लिए तैयार नहीं है। इसका नतीजा यह होगा कि आम लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। यह चीज घरों और फैक्ट्रियों दोनों को प्रभावित करेगी।

## खबर संक्षेप

### मारुति चालू वित्त वर्ष में 500 नए वर्कशॉप खोलेगी




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की चालू वित्त वर्ष में अपने नेटवर्क में कुल 500 नए सर्विस वर्कशॉप खोलने की योजना है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बुधवार को कोयंबटूर में अपना 5,000वां 'एरिना सर्विस टचपॉइंट' स्थापित करने की घोषणा की।

### जावा, येजदी बाइक पर जीएसटी दर में कटौती लागू : लीजेंड्स



**कोलकाता।** भारतीय मोटर साइकल कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने बुधवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का लाभ ग्राहकों को पूरी तरह से दिया गया है। क्लासिक लीजेंड्स ने करीब चार साल पहले देश में प्रतिष्ठित मोटरबाइक ब्रांड जावा और येजदी को फिर से पेश किया था।

### एचएमएसआई को 3,726.8 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ




**नई दिल्ली।** होंडा मोटर कंपनी की गैर-सूचीबद्ध दोपहिया वाहन इकाई होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का वित्त वर्ष 2024-25 में एकीकृत शुद्ध लाभ 37.77 प्रतिशत बढ़कर 3,726.8 करोड़ रुपये हो गया, पिछले पांच साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। 2023-24 में 2,705.15 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

## पीएम ने कांग्रेस में मोबाइल से लेकर चिप में निवेश का किया आव्हान

# डिजिटल क्षेत्र में भारत की बड़ी तरक्की मेक इन इंडिया का बेहतर समयः मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता और अनुकूल नीतियों से भारत एक निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।*

उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुई तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि देश में आज एक जीबी डेटा की लागत एक कप चाय से भी कम है।

प्रधानमंत्री ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा, ''डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में हमारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार 'सबसे पहले डिजिटल' मानसिकता के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है...यह भारत में निवेश, नवोन्मेष और 'मेक इन इंडिया' का सबसे अच्छा समय है।''

- भारत लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता के रूप में उभरा
- डेटा खपत के मामले में हम दुनिया में सबसे आगे
- भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार



### डेटा खपत में हम अग्रणी

*मोदी ने कहा, ''डेटा खपत के मामले में, हम दुनिया के अग्रणी देशों में से एक हैं। इसका मतलब है कि भारत में डिजिटल संपर्क सुविधा अब एक विशेषाधिकार या विलासिता नहीं है बल्कि यह भारतीय जीवन का एक अभिन्न अंग है। 'भारत में एक जीबी वायरलेस डेटा एक कप चाय की कीमत से भी सस्ता है।*

### आज हर जिले में 5जी की पहुंच

पीएम ने कहा, ''जो देश कभी 2जी से जूझ रहा था, आज लगभग हर जिले में 5जी पहुंच रहा है।'' प्रधानमंत्री ने डेटा (निजी जानकारी और सूचना) संप्रभुता का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया पहले से कहीं ज्यादा डेटा उत्पन्न कर रही है, जिससे भंडारण, सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''हम सुधारों की गति बढ़ा रहे हैं।''

### दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार

पीएम ने कहा, ''भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सरकार के स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण और कारोबार सुगमता की नीतियों ने देश को एक निवेशक-अनुकूल गंतव्य की छवि बनाने में मदद की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार, दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार, नेतृत्व करने के लिए जनशक्ति, गतिशीलता और मानसिकता है।

### यूटेलसैट वनवेब अपनी सेवाएं शुरू करने को उत्सुक

भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने बुधवार को कहा कि यूटेलसैट वनवेब सरकार से हरी झंडी मिलते ही अपनी सेवाएं शुरू करने को उत्सुक है। भारत में उपग्रह संचार पेशकश को लेकर बढ़ती सार्वजनिक प्रत्याशा के बीच मित्तल ने यह बात कही है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस से इतर यहां मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के लिए विनिर्माण से आगे बढ़कर संप्रभु डेटा क्षेत्र, कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा केंद्रों में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया है।

### सरकार राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी केंद्र बनाएगा

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने जरूरी आंकड़ों और स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय उपग्रह संचार निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। सिंधिया ने सैटकॉम पर एक सत्र के दौरान कहा कि दूरसंचार और प्रसारण को शामिल करते हुए भारतीय सैटकॉम बाजार का मूल्य पिछले साल लगभग 4.3 अरब डॉलर था और 2033 तक इसके तीन गुना होकर लगभग 14.8 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

### देश को डिजिटल क्रांति में आगे रखने तत्परः आकाश अंबानी

रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी नवाचार और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत डिजिटल क्रांति में अग्रणी बना रहे। अंबानी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस कार्यक्रम से इतर कहा, '' आज हमने सेमीकंडक्टर से लेकर धोखाधड़ी प्रबंधन और 6जी तक पूरी मूल्य श्रृंखला देखी...हम नवाचार करने और भारत को डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रखने के लिए तत्पर हैं।''

# सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अमेरिका में शटडाउन के कारण वित्तपोषण में आ रही दिक्कतें

अमेरिका में वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ विभागों में कामकाज ठप रहने (शटडाऊन) से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप, राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक जोखिम से बचने की धारणा की वजह से निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने के कारण पिछले तीन दिन में सोने में 6,000 रुपये की वृद्धि हुई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,700 रुपये की भारी वृद्धि दर्ज करने के एक दिन बाद मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 2,600 रुपये बढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछले बाजार सत्र में यह 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के मौजूदा शटडाऊन और बढ़ते वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली इस परिसंपत्ति में निवेश को बढ़ावा दिया है। इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गईं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

**(TENDER- FIRST CALL )**

क्रमांक/1415/व.ले.लि. / ग्रायांसेवा / 2025-26 — अम्बिकापुर, दिनांक 06.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 22.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 177129, 177130, 177133, 177134, 177135, 177136, 177137 & 177141 | Construction of works under zonal tender upto Rs. 30.00 lakh at Janpad Panchayat area Under Ambikapur, Lakhanpur, Udaipur, Batouli, Sitapur, Mainpat, Lundra & Municipal Corporation area Ambikapur (Building/road/culverts etc.) | 800.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 06.10.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

( अविनाश मिंज )
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर

G- 252604027/4

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टेस्ला ने दो इलेक्ट्रिक वाहनों के सस्ते संस्करण किए पेश



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका की कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मुश्किल समय में अपनी बाजार हिस्सेदारी वापस हासिल करने की कोशिश में अपने दो इलेक्ट्रिक कार मॉडल के नए एवं सस्ते संस्करण मंगलवार को पेश किए। नया मॉडल 'वाई' की कीमत 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम है जिसमें साधारण इंटीरियर है। टेस्ला ने अपने मॉडल 3 के सस्ते संस्करण की भी घोषणा की जिसकी कीमत 37,000 अमेरिकी डॉलर से कम है। राज्य छूट का लाभ उठाने के पात्र न्यूयॉर्क के निवासियों के लिए इसकी कीमत 35,000 अमेरिकी डॉलर से कम होगी। इन मॉडल के जरिये विदेशी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माताओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा और कंपनी के सह-संस्थापक एलन मस्क विरोधी बहिष्कार के बीच ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश की जाएगी।

- नया मॉडल 'वाई' की कीमत 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम

# शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 153 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी भी 62 अंक के नुकसान में रहा
- रिलायंस व एचडीएफसी में रही बिकवाली

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 153 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 62 अंक के नुकसान में रहा।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसमें 611.66 अंक की घट-बढ़ हुई। निफ्टी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 25,046.15 अंक पर बंद हुआ। वाहन, रियल एस्टेट और बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव रहा।

### बाजार सीमित दायरे में रहा

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''बुधवार को बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा और हाल की तेजी के बाद यह हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एक स्थिर शुरुआत के बाद, निफ्टी ज्यादातर समय एक सीमित दायरे में रहा और अंततः दिन के निचले स्तर 25,046.15 अंक के पास बंद हुआ।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एमसीआर के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-1 और 14 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 2 कार्य। | 07.10.2025 17.10.2025 | रु. 530.26 | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 [illegible] |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में शैड, सोलर प्लांट के साथ-साथ चारदिवारी सहित एनीमल डी-कम्पोजर कम इनसिनरेटर का निर्माण। | 07.10.2025 22.10.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39340/I/88/7 दि. 08.10.25


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | बड़े पार्क का सौन्दर्यीकरण + 3 कार्य (जुलाना)। | 06.10.2025 13.10.2025 | रु. 73.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39321/I/88/7 दि. 08.10.25


## राशिफल


**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।


**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।


**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## किसानों का एक बार फिर त्योहारों में उत्साह बढ़ाया

# सोनालीका ने 20,786 ट्रैक्टरों की अब तक सर्वाधिक मासिक बिक्री के रिकॉर्ड तोड़े

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ देश भर के किसानों का एक बार फिर त्योहारों में उत्साह बढ़ाया है और कंपनी ने सितंबर 2025 में 20,786 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन मज़बूत घरेलू माँग और सोनालीका की प्रतिबद्धता से प्रेरित है जो भारतीय किसानों के लिए उत्पादकता बढ़ाने हेतु अनुकूलित ट्रैक्टर निर्माण करता है। त्योहारों की शुरुआत के साथ, सोनालीका ने अगस्त 2025 से ही अपने सबसे बड़े वार्षिक ऑफर ''हैवी ड्यूटी धमाका'' पेश कर दिया है, जिससे किसानों को सर्वोत्तम तकनीक और उत्तम मूल्य पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने में मदद मिली है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में ट्रैक्टरों पर जीएसटी में 12 प्रतिशत से कटौती करके 5 प्रतिशत कर दिया है जिसने किसानों के आत्मविश्वास को और मज़बूत किया है।




## शब्द पहेली - 6013



**बाएँ से दाए**


1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6012 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | ■ | मि | ■ | वि | रा | स | त |
| ■ | र | ■ | घु | ■ | ग | द | र | ■ | ही | न |
| क | ■ | ■ | व | रा | ह | ■ | ह | ■ | ■ | हा |
| म | हा | वी | र | ■ | बा | ल | ■ | क | मा | ई |
| जो | ■ | रा | ■ | ना | न | ■ | श | ■ | ख | ■ |
| र | म | णी | य | ता | ■ | भा | व | ही | न | ता |
| ■ | न | ■ | म | ■ | ज | ल | ■ | ट | ■ | र |
| अ | का | ल | ■ | शू | ल | ■ | नी | र | व | ता |
| प | ■ | ■ | न | ■ | प्र | ख | र | ■ | ■ | र |
| रा | ल | ■ | म | हु | वा | ■ | स | ■ | मी | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ह | ■ | ता | र | त | म्य |



# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय शीर्षक्रम बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी, जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी।

### मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा के प्रदर्शन पर होगी नजर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है।

### महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत और लौरा की टीमों के बीच मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से



### गेंदबाजों ने अभी तक किया अच्छा प्रदर्शन

दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है, जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही है। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी । फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। वहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्ज और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मरियाने काप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, काप, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी ।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**द.अफ्रीका** : लौरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मरियाने काप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### आर्कटिक ओपन से लक्ष्य सेन बाहर, मन्नेपल्ली ने भारतीय उम्मीदें जीवंत रखीं

**वंता (फिनलैंड)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी थारुण मन्नेपल्ली ने आर्कटिक ओपन 2025 में देश की पुरुष एकल उम्मीदों को जीवंत रखा जब उन्होंने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन इस साल 10वीं बार पहले दौर में बाहर हो गए। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी मन्नेपल्ली ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए पोपोव को एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-11, 22-20 से हराया। उन्होंने निर्णायक गेम में चार मैच प्वाइंट बचाकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल की। अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका सामना दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोकी वातानबे से होगा। पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइन में जगह बनाने वाले लक्ष्य को दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नाराओका ने 57 मिनट में 21-15, 21-17 से हरा दिया।

### शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा,'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

### जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।






### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### आईसीसी महिला विश्व कप

# मूनी का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 107 रन से हराया




भाषा ▶▶| कोलंबो

अनुभवी बल्लेबाज बेथ मूनी के शानदार शतक और निचले क्रम की बल्लेबाज एलेना किंग के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला विश्व कप में बुधवार को यहां पाकिस्तान को 107 रन से हरा दिया। बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू (37 रन पर तीन विकेट), ऑफ स्पिनर रमीन शमीम (29 रन पर दो विकेट) और तेज गेंदबाज कप्तान फातिमा सना (49 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 76 रन पर सात विकेट कर दिया था लेकिन मूनी (109) ने 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी एलेना किंग (नाबाद 51) के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर नौ विकेट पर 221 रन तक पहुंचाया। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में नौवें या उससे निचले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौवें विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर और किम गार्थ के बीच 76 रन की थी। मूनी ने 114 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके मारे जबकि एलेना ने 49 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और इतने ही चौके जड़े।

### पाक टीम 36.3 ओवर में 114 रन पर ढेर

पाकिस्तान की टीम गार्थ (14 रन पर तीन विकेट), एनाबेल सदरलैंड (15 रन पर दो विकेट) और मेगान शुट (25 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 36.3 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान की ओर से सिदरा अमीन ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराया था जबकि श्रीलंका के खिलाफ उसका दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

## रोनाल्डो बने पहले अरबपति फुटबॉलर, मेसी को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार यह रिकॉर्ड गोल्स या ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि उनकी बैंक बैलेंस के लिए है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक, रोनाल्डो की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग 11,50,00,00,000 रुपये) आंकी गई है, जिससे वह फुटबॉल के पहले अरबपति खिलाड़ी बन गए हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा कि यह पहली बार है जब रोनाल्डो की संपत्ति इस इंडेक्स में शामिल की गई है। इस मूल्यांकन ने उन्हें विश्व फुटबॉल का सबसे अधिक कमाई करने वाला खिलाड़ी बना दिया। इस मामले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी को काफी पीछे छोड़ दिया।




### जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।



**चार पायदान ऊपर चढ़े राहुल :** केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए। इस बीच, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय अंडर-19 टीम का जलवा, ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| मैके

भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की। मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा।



■ युवा टीम ने जीत के साथ किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन, तीन वनडे और एक टेस्ट रहा में विनर

### भारतीय गेंदबाजों का रहा कहर

इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे।

■ अगले सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेंगे भाला फेंक स्टार

# स्विस वादियों में रिकवरी करने पहुंचे नीरज चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह सत्र भले ही चुनौतीपूर्ण रहा हो लेकिन नीरज चोपड़ा को इस पर गर्व है और अगले साल बेहतर वापसी के लिए तैयार होने भारत के यह भाला फेंक स्टार स्विट्जरलैंड लौट गए हैं, जहां उन्होंने खेल में अपने शानदार सफर के कई यादगार पल बिताए हैं। ज्यूरिख से फोन पर बातचीत में नीरज ने अगले सत्र से उम्मीदों, स्विटजरलैंड से प्यार और घूमने फिरने के शौक के बारे में बताया। उन्होंने कहा,' यह काफी चुनौतीपूर्ण सत्र रहा। मुझे इस पर गर्व है और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। हर प्रतिस्पर्धा से मेरा अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ा है।' उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है।

### अब फोकस मजबूती के साथ वापसी पर



हरियाणा के इस धुरंधर ने इस साल दोहा में 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत सके। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा,' बेहतर प्रदर्शन की गुंजाइश तो रहती ही है और वही प्रेरित भी करती है।' नीरज विश्व चैंपियनशिप में 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा,'अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है । शरीर अच्छा महसूस कर रहा है और थोड़े आराम और रिकवरी के साथ मैं बेहतर वापसी कर सकूंगा।' उन्हें जरूरी रिकवरी सत्रों के लिए स्विटजरलैंड ही रास आता है। स्विस पहाड़, चारों तरफ हरियाली और इंटरलाकेन से बर्न्स और फिर लुसाने तक की ट्रेन यात्राएं उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने कहा,'लुसाने बहुत ही खूबसूरत है और जेरमाट के पहाड़ बहुत लुभाते हैं।'

### 'आइस पैलेस' में हुए सम्मानित

स्विस पर्यटन ने 2022 में उन्हें 'दोस्ती दूत' बनाया और जुंगफ्राउजोच के 'आइस पैलेस' में उन्हें सम्मानित भी किया। स्विटजरलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय यह सम्मान पा चुके हैं। नीरज ने कहा,' मैंने ज्यूरिख में डायमंड लीग ट्रॉफी (2022 में) जीती, जो मेरे लिए बहुत खास है। मैंने मैग्लिंगन में प्रशिक्षण लिया है, जहां स्विस ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र है। मैंने बुडापेस्ट (2023) में विश्व चैंपियनशिप से पहले भी वहीं प्रशिक्षण लिया था, जहां मैंने स्वर्ण पदक जीता था। इसलिए मेरी कई सुखद यादें स्विटजरलैंड से जुड़ी हैं।' उन्होंने कहा,' डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने के बाद मैने अपने परिवार और दोस्तों के साथ यह देश देखा, जो मैं कभी नहीं भूल सकता।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में उचाना में कम्पोजिट ऑफिस की विशेष मरम्मत। | 04.10.2025 14.10.2025 | 36.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में अतिरिक्त लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण। | 04.10.2025 14.10.2025 | 505.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | वर्ष 2025-26 (12 माह) हेतु भिवानी जिले में चौ. बंसी लाल हवाई पट्टे के परिसर में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव। | 06.10.2025 14.10.2025 | 5.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव गुढा में जीबीएनए के निकट हॉल का निर्माण। | 06.10.2025 24.10.2025 | 10.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | ऑफिसर कॉलोनी नीलोखेड़ी में निदेशक एचआईआरडी आवास की मरम्मत और रखरखाव। | 04.10.2025 20.10.2025 | 6.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | सिरसी - गांव सिरसी में अम्बेडकर भवन का निर्माण। | 07.10.2025 27.10.2025 | 21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | खेड़ी खुमार का वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 06.10.2025 15.10.2025 | 91.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 903476692 jhajjarsco@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद, अम्बाला | गांव मस्तपुर ब्लॉक अम्बाला-1, गांव मस्तपुर ब्लॉक अम्बाला-1 (अम्बाला) जैडपी में बीपीएचयू का निर्माण। | 07.10.2025 14.10.2025 | 52.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | गांव सुरेहती का वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट (400 एकड़) + 2 कार्य। | 06.10.2025 13.10.2025 | 115.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 903476692 jhajjarsco@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, कैथल | एनसीडी नॉन कम्यूनिकेबल डिजिजेज प्रोग्राम के तहत औषधियों और कंज्यूमेबल्स की खरीद। | 08.10.2025 18.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 5 पर एलटी 3.5 कोर एल्यूमीनियम कंडक्टर 400 एमएम2 एक्सएलपीई इंसुलेटेड, आर्मर्ड केबल की आपूर्ति, स्थापना व प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | 5.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 12 | सूचना प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | 2 वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों / बोर्डों / निगमों के लिए एसएसएल सर्टिफिकेट्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के सम्बन्ध में आरएफपी। | 30.09.2025 04.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 rajeshpandey.ditech@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/240/39351/I/88/7 दि. 08.10.25

वायुसेनादिवस के मौके पर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस में आयोजित किए गए समारोह में बोले वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह

# वायुसेना का प्रशिक्षण, रणनीतियां बदलती तकनीक और परिस्थितियों के मुताबिक होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



**एयरबेस पर डिस्प्ले में पहली बार नजर आया वायुसेना का हेरिटेज एचटी-2 प्रशिक्षण विमान**

वायुसेना ने गुरुवार को अपना 93वां स्थापना दिवस जोरशोर से मनाया। वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने इसकी शुरुआत राजधानी स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की और उसके बाद गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर आयोजित किए गए परेड समारोह की अध्यक्षता की।

इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने वायुवीरों द्वारा राष्ट्र की रक्षा के लिए इतिहास से लेकर वर्तमान में लड़े गए युद्धों और सैन्य संघर्षों (ऑपरेशन सिंदूर) के दौरान प्रदर्शित की गई अद्भुत वीरता और पराक्रम की सराहना की। साथ ही कहा कि बल का प्रशिक्षण और रणनीतियां बदलते वक्त की तकनीक और परिस्थितियों पर केंद्रित होना चाहिए। हमें उभरती हुई चुनौतियों से दो-दो करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। वायुसेना के कर्मियों को दिए अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सभी को निरंतर प्रशिक्षण और आत्म-अनुशासन का पालन करना चाहिए। समारोह में सीडीएस, सेनाप्रमुख और नौसेनाप्रमुख भी मौजूद रहे। यहां बता दें कि इस वर्ष वायुसेना दो भागों में अपना स्थापना दिवस मना रही है। जिसमें पहले भाग में 8 अक्टूबर को हिंडन एयरबेस पर परेड समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद अगले महीने 9 नवंबर को असम के गुवाहाटी में बल के जंगी व अन्य विमानों का बेहद आकर्षक फ्लाईपास्ट होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर ने दिलाई रणनीतिक बढ़त

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान वायुसेना के समर्पण, लगातार अभ्यास और प्रशिक्षण के जरिए बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है। अभियान में वायु-योद्धाओं की कार्रवाई ने देश की रणनीतिक स्थिति को और अधिक मजबूत बनाया है।

समारोह में एयरचीफ मार्शल सिंह ने 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में शामिल रहे वायुसेना के कुल करीब 8 दर्जन से अधिक वायुवीरों को सम्मानित भी किया। साथ ही ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान को धूल चटाने वाली राफेल विमान, ब्रह्मोस मिसाइल, एस-400 सिस्टम व लाएटरिंग म्यूनिशन की यूनिट को विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी हौसला-अफजाई भी की।

### वायुसेना ने मनाया अपना लोहा

वायुसेनाध्यक्ष के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना का प्रदर्शन स्वदेशी हथियारों साथ बेहद शानदार रहा। जिस पर हमें गर्व है। इस अभियान ने दुनिया को भी ये प्रमाणित कर दिया है कि चंद दिनों में सैन्य निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए हवाई क्षमता का प्रभावी इस्तेमाल कितना कारगर साबित हो सकता है। सही जगह पर किए गए भारत के बड़े और अचूक वार ने हमें दुश्मन के खिलाफ रणनीतिक रूप से बढ़त बनाने में मदद की। वायु-योद्धाओं ने हर दौर में इतिहास रचा है। जिसमें 1948 से लेकर 1971, 1999, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर मुख्य हैं। सभी में वायुसेना न केवल आसमान की रक्षक बनी। बल्कि उसने राष्ट्र के सम्मान की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी बखूबी संभाली है। नए सिस्टम, हथियारों और उपकरणों की मदद से वायुसेना की रणनीतिक योजना में सराहनीय सफलता हासिल हुई है। जवाबदेही की संस्कृति के साथ ही वायुवीरों के बीच सुरक्षा के भाव भी बढ़ा है।

### वायुसेना ने हमेशा पहले प्रतिक्रिया दी

उन्होंने कहा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला सैन्य बल रहा है। फिर चाहे देश के भीतर कोई मिशन हो या फिर देश के बाहर कोई आपात परिस्थिति। हमने हमेशा तत्परता के साथ राहत-बचाव अभियान चलाकर मदद पहुंचाई है। घरेलू अभियानों में असम में हुआ कोयला खदान हादसा, मेघालय-तमिलनाडु में हुआ सुरंग हादसा और मणिपुर-सिक्किम में आई बाढ़ की स्थिति में पहुंचाई गई राहत मुख्य है। जबकि देश से बाहर संकट की स्थिति में फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी से लेकर म्यांमार, वियतनाम, लाओस और केन्या जैसे देशों को भी वायुसेना ने जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत सामग्री भेजी है।

### परेड में पहली बार नजर आया एचटी-2 विमान

हिंडन एयरबेस पर वायुवीरों की भव्य परेड में तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) की साझा टुकड़ी पहली बार शामिल हुई। बल के ही हेलिकॉप्टर ने समारोह स्थल पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज, वायुसेना का ध्वज और ऑपरेशन सिंदूर का झंडा लहराया। साथ ही एयरबेस पर वायुसेना ने अपना प्रचंड शक्ति प्रदर्शन भी किया। जिसमें बल के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से लेकर राफेल, सुखोई-30 एमकेआई जैसे जंगी विमान, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे मालवाहक विमान, स्वदेशी नेत्रा, आकाश मिसाइल सिस्टम, लांग-बो रडार से लैस अपाचे हेलिकॉप्टर और उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर नजर आए। इसके अलावा एयरबेस पर पहली बार वायुसेना का हेरिटेज प्रशिक्षण विमान एचटी-2 भी देखने को मिला। यह वायुसेना के लिए बनाया गया पहला स्वदेशी विमान है। 1950 के समय में इसी विमान पर वायुसेना के पायलट अपनी बेसिक ट्रेनिंग लेते थे। ये सिलसिला 1989 तक चला। परेड में वायुसेना ने अपनी ताकत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की साक्षात झलक दुनिया के सामने पेश की।

---

भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बारबाडोस पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला

# 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में हुए शामिल, लोकतांत्रिक मूल्यों पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**संवाद, सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों से विश्व का निर्माण हो सकेगा**

**समिट की थीम 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' पर हो रहा यह आयोजन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ब्रिजटाउन के बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। समिट का आयोजन 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' थीम पर किया गया। कार्यक्रम में एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व के निर्माण में संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया गया। ओम बिरला ने एक्स पर पोस्ट किया कि बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के वक्ताओं और नेताओं के साथ शामिल होना वाकई प्रेरणादायक है। 'राष्ट्रमंडल-एक वैश्विक साझेदार' हमें याद दिलाता है कि संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से हम मिलकर एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी विश्व का निर्माण कर सकते हैं।



### आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा

*68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का आयोजन 12 अक्टूबर तक होगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, सांसद (लोकसभा) अनुराग शर्मा, सांसद (लोकसभा) डी. पुरंदेश्वरी, सांसद (लोकसभा) के. सुधाकर, सांसद (राज्यसभा) रेखा शर्मा, सांसद (राज्यसभा) अजीत माधवराव गोपछड़े, महासचिव, लोकसभा उत्पल कुमार सिंह और महासचिव, राज्यसभा पी.सी. मोदी शामिल हैं।*

### भारतीय प्रवासियों से करेंगे बात

*बिरला ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक परंपराओं वाले राष्ट्रों के रूप में, राष्ट्रमंडल एक अधिक समावेशी और सहयोगी वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। अपने प्रवास के दौरान वे बारबाडोस के नेतृत्व से मिलने और प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत करेंगे। इस सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर सात कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।*

---

फिर बिगड़े पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बोल, भारत के खिलाफ किया झूठा दावा...

# औरंगजेब के शासनकाल के अलावा भारत में नहीं रही कभी एकताः ख्वाजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों करारी शिकस्त खाने वाले पाकिस्तान का दिमाग अभी भी पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हुआ है। उसके नेता आए दिन भारत के खिलाफ झूठी और बेबुनियाद बातें करते रहते हैं। जिसमें पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ सबसे आगे हैं।

अपने ताजा बयान में उन्होंने भारत की एकता को लेकर एक झूठा दावा किया है। जिसमें आसिफ ने कहा कि भारत में मुगल शासक औरंगजेब के शासन के अलावा कभी एकता नहीं रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध का जोखिम वास्तविक है। अगर फिर से इसकी नौबत आई तो हम पहले से बेहतर नतीजे हासिल करेंगे। बताते चलें कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह टिप्पणी समा टीवी को दिए एक साक्षात्कार में की है। जिसे भारत के रक्षा मंत्री और सेनाप्रमुख द्वारा पाकिस्तान की दी गई हालिया चेतावनी की प्रतिक्रिया माना जा सकता है। ख्वाजा आसिफ के मुताबिक, केवल औरंगजेब के समय को छोड़ दें यानी अठारहवीं शताब्दी के शुरुआती समय के अलावा भारत कभी भी एक मुल्क या रियासत के तौर पर नहीं रहा।

वहीं पाकिस्तान को देखें तो हम अल्लाह के नाम बने हैं, हमारा नाम भी उन्हीं के नाम पर है। यहां देश में कितने झगड़े चल रहे हैं, लेकिन भारत के साथ 4 से 5 दिनों की जंग में पूरा देश एकजुट हो गया।

---

# 28 वर्षीय वांग पर मेटा ने लुटाए 1.24 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रेस में बड़ा कदम उठाते हुए 28 वर्षीय एलेक्जेंडर वांग को सुपर इंटेलिजेंस लैब्स का हेड बनाया है। वांग पहले स्केल एआई के सीईओ रह चुके हैं। मार्क जकरबर्ग ने वांग के स्टार्टअप स्केल एआई में करीब 14.3 अरब डॉलर (करीब 1.24 लाख करोड़) का निवेश किया है और उन्हें मेटा के पूरे एआई प्रोग्राम का नेतृत्व सौंपा है। वांग अब मेटा की सभी एआई प्रोडक्ट और रिसर्च टीमों की निगरानी कर रहे हैं, जो अब एक नई इकाई, मेटा सुपरइंटेलिजेंस लैब्स के तहत काम कर रही हैं।

---

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

---

राजौरी में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन

# पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप से मुठभेड़ के बाद से 4 आतंकियों की तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 7 अक्टूबर की रात आतंकियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के बीच मुठभेड़ हुई थी। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई थी। इसके बाद आतंकी जंगल की ओर भाग गए थे। बीरंथुब में हुए इस एनकाउंटर के बाद से जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ की जॉइंट टीमें यहां पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। मंगलवार की पूरी रात चली सर्चिंग के बाद बुधवार सुबह भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

यहां 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। सुरक्षाबल राजौरी-



कोटरणका-बुधाले सड़क से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे हैं। वहीं, आज सुबह से टेरर फंडिंग केस को लेकर स्टेट इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) श्रीनगर, गांदरबल, वडगाम, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, कुलगाम, बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपुरा और गांदरबल में छापेमारी कर रही है।

### कीड़ीयां पुल के पास मुठभेड़, 3 अरेस्ट

कठुआ जिले के लखनपुर सेक्टर स्थित कीड़ीयां पुल के पास बुधवार दोपहर को एक नाका चेकिंग के दौरान पुलिस और तीन संदिग्धों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। करीब 12:30 बजे कीड़ीयां से कठुआ की ओर आ रही एक मोटरसाइकिल को पुलिस ने रोकने का इशारा किया, जिस पर तीन युवक सवार थे। पुलिस के रोकने पर युवकों ने रुकने की बजाय पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। भागते वक्त उनकी बाइक सड़क के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे तीनों गिर पड़े और घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर ही तीनों को काबू में लेकर तुरंत कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।

### अनंतनाग से सेना के 2 जवान हुए लापता

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गढ़ूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे। फिलहाल दोनों की तलाश जारी है। खोज के दौरान सेना की टीमें लगातार लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं।

---

डेडलाइन खत्म हुई तो तुर्की के पास पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# 'गाजा पीस' प्लान पर हमास को बिना किसी शर्त राजी करवाने के लिए एर्दोगन से मांगी सहायता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर इजराइल और हमास के बीच शांति लाना चाहते हैं। इसके लिए उनका महत्वाकांक्षी गाजा पीस



प्लान तैयार है। लेकिन इस प्लान पर हमास की हां-ना, हां-ना के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में ट्रंप ने अब तुर्की की मदद मांगी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पीस प्लान को लेकर उनसे मदद मांगी है। ट्रांप चाहते हैं कि हम हमास को रजामंद करें कि वह इस पीस प्लान को बिना किसी शर्त के स्वीकार कर ले। हमास को किसी भी तरह यह प्लान मानने के लिए तैयार किया जाए।

### इजराइल और हमास की वार्ता तीसरे दिन भी मिस्त्र में रही जारी

इजराइल और हमास की शांति वार्ता का तीसरे दिन बुधवार को जारी रही। यह वार्ता मिस्र के एक होटल में हो रही है। इस वार्ता में अमेरिका, इजराइल और अन्य मध्यस्थ देशों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। तुर्की के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन भी मौजूद थे। इजराइल की तरफ से पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के मुख्य सलाहकार रॉन डेरमेर शामिल हुए। इस दौरान हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहर नौनू ने कहा कि हमास ने एक सूची साझा की है, जिसमें उन फिलिस्तीनी कैदियों के नाम हैं जिन्हें वह इजराइली बंधकों के बदले में रिहा करना चाहता है, जैसा कि समझौते की शर्तों में कहा गया है। वहीं, एर्दोगन ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हम हमास के संपर्क में हैं। हम सभी पक्षों के संपर्क में हैं। हम उन्हें समझा रहे हैं कि सबसे सही तरीका कौन सा है और फिलिस्तीन के लोगों के लिए क्या सही है। अमेरिकी दौरे और ट्रंप के साथ फोन वार्ता में हमने उन्हें समझाया कि किस तरह उद्देश्य को हासिल किया जा सकता है। इसके बाद हम तत्काल इसमें जुट गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109